53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.5°c | अधिकतम 36.6°c

**अमृतवाणी**

समय के पास इतना समय नहीं कि आपको दोबारा समय दे सके।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:28, सूर्यास्त - 7:03 | वर्ष : 53/ अंक : 131 | मंगलवार, 13 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हम न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेंगे,ऑपरेशन हमने स्थगित किया है, बंद नहीं किया है : मोदी



यह बात विदेशी बेवकूफों को भी समझ लेनी चाहिए.......

# सिल्वर टोन एण्ड पल्प में सबसे बड़ी आग, करोड़ों का माल खाक

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। भोपा रोड स्थित सिल्वर टोन एण्ड पल्प में सोमवार की दोपहर 1 बजे आग लग गयी। धीरे-धीरे आग ने ऐसा भयावह रूप ले लिया कि फायर ब्रिगेड की मुजफ्फरनगर की गाड़ियां भी कम पड़ गयी। मुजफ्फरनगर फायर स्टेशन की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची उसके बाद भी आग नहीं बुझ पाई। इसके बाद दो गाड़ियां जिले के अन्य स्टेशनों से मंगाई गयी इसी के साथ साथ 2 मेरठ, 1 सहारनपुर व एक देवबंद से मंगाई गयी। उसके बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो मुजफ्फरनगर में ही मौजूद विभिन्न फैक्ट्रियों से दस अन्य गाड़ियां मंगाई गयी। इतनी बड़ी मात्रा में गाड़ी मंगाने के बावजूद भी रात्रि 1 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। भयंकर आग में करोड़ों रुपये का माल आंखों के सामने देखते ही देखते स्वाह हो गया। फैक्ट्री स्वामी राजीव व राजेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इतनी भयंकर आग आज से पहले









कभी नहीं लगी और प्रशासन ने आग पर काबू पाने के लिए अपना पूरा सहयोग प्रदान किया है। आग से हुए नुकसान का पूरा आंकलन तो बाद में ही किया जायेगा फिलहाल सबसे बड़ी बात यह रही कि आज में करोड़ों रुपये का नुकसान तो हुआ ही है मगर कोई जनहानि नहीं हुई है। आग में फंसे लोगों को बखूबी आग के बीच से फायरकर्मियों द्वारा सकुशल निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक मिल में आग पूरी तरह न बुझ पाने के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था और देर रात तक दमकल विभाग की सभी गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही थी।

## सिलेण्डर लीकेज होने से लगी आग, ढाबा मालिक के हाथ झुलसे

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में बत्रा ढाबे पर दोपहर के समय एक लीकेज गैस सिलिंडर में आग लग गई। इस दौरान ढाबा मालिक के बाल व मामूली तौर पर हाथ झुलस गए। बाद में दमकल विभाग टीम ने पहुंचकर आग को बुझाया।

गांधी कॉलोनी निवासी राजकुमार का ट्रांसपोर्ट नगर में ढाबा है। सोमवार दोपहर में वहां कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान एक सिलिंडर से गैस लीक होने लगी। इसकी सूचना पर वहां मौजूद ग्राहकों में दहशत का माहौल बन गया। कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। ढाबा मालिक राजकुमार भी आग बुझाने में जुट गए तो इस दौरान उनके बाल व हाथ मामूली तौर पर झुलस गए। सूचना पाकर दमकल विभाग टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आग को बुझाया। बताया जाता है कि अलग में कुछ सामान भी जला है।

## जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए, भारतीय सेना ने की गोलीबारी

जम्मू, 12 मई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार की रात राष्ट्र के नाम संबोधन के कुछ ही मिनटों बाद जम्मू कश्मीर के सांबा और जम्मू जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी

**अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद हुआ ब्लैक आउट**

ड्रोन देखे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आज देर शाम सांबा और जम्मू के सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। इस बीच भारतीय सेना ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के सांबा के पास कुछ संदिग्ध ड्रोन देखे गए। हमारे सैनिक पाकिस्तानी ड्रोन को देखते ही उनसे भिड़ गए। घबराने की कोई जरुरत नहीं है। पिछले एक पखवाड़े से जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से



**दिल्ली से अमृतसर जा रही वाली इंडिगो फ्लाइट को वापस लौटाया।**

गोलाबारी का तनावपूर्ण दौर चल रहा है। सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद स्थिति और बिगड़ गई - जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों

**13 मई को एहतियातन पंजाब के सीमावर्ती जिलों के स्कूल हुए बंद**

को निशाना बनाया गया। पहलगाम में हुए घातक हमले के जवाब में ये हमले किए गए, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इस बीच कई दिनों की गोलाबारी के बाद शनिवार शाम को भारत एवं पाकिस्तान ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को राहत मिली, जो गोलीबारी में फंस गए थे और सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे। श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मैं विश्व समुदाय को यह भी बताना चाहता हूं कि अगर हम पाकिस्तान से बात करेंगे तो वह केवल आतंकवाद के मुद्दे पर होगी और यह केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बारे में होगी। रात्रि 9 बजे तक बाद जब अमृतसर, डलहौजी तक में गोलीबारी के चलते ब्लैकआउट करना पड़ा, तो उसके बाद एकाएक 13 मई को पंजाब के सीमावर्ती जिलों के स्कूल बंद करने का ऐलान कर दिया गया वहीं दूसरी ओर अमृतसर में ब्लैक आउट के चलते रात्रि में अमृतसर में उतरने वाली इंडिगो फ्लाइट को दिल्ली के लिए बादलों के बीच ही यू टर्न करा दिया गया। स्थानीय लोगों ने दावा किया और ड्रोन देखे जाने की वीडियो भी मीडिया को साझा की गयी। ऐसे में माना जा रहा है कि पाकिस्तान अभी सुधरने के मूड में नहीं है और सिर्फ पाक सेना ही नहीं उनका देश भी अब भारत से युद्ध के लिए सेना को उकसा रहा है। देखना यह होगा कि इन सब घटनाओं के बाद भारतीय सेना क्या निर्णय लेती है। युद्ध विराम की स्थिति में ही रहेगा या फिर सेना भी इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 17 से पुनः आरंभ करने की घोषणा की



**फाइनल मैच 03 जून को**

मुंबई, 12 मई (वार्ता ) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र को पुनः आरंभ करने की घोषणा की, जिसमें 17 मई से फिर से मैच शुरू होकर छह स्थानों पर 17 मैच खेले जाएंगे और तीन जून को फाइनल होगा। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, दो रविवार को दो डबल-हेडर आयोजित किए गए हैं, जो टूनार्मेंट के अंतिम चरण के रोमांच को और भी ज्यादा बढ़ाएगा। प्लेऑफ के मैच इस प्रकार आयोजित किए जाएंगेः 29 मई को क्वालीफायर 1, 30 मई को एलिमिनेटर, 01 जून को क्वालीफायर 2 और 03 जून को फाइनल मैच होगा। बीसीसीआई ने कहा कि प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आई पी एल के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया।

## दुर्घटना में मारे गये मां-बेटी और पुत्र के शव हुए सुपुर्दे खाक

चरथावल, 12 मई (बु.)। रविवार देर शाम तितावी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मां-बेटी और पुत्र की मृत्यु के बाद सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद तीनों शवों को उनके पैतृक गांव केड़ी बाबरी में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। कस्बे सहित क्षेत्र के काफी लोग शोक में शामिल होने उनके गांव पहुंचे। इस दौरान पंजाब से लौटे शमशाद सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। एक साथ तीन मौत होने से पुरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और मृतकों को शामली के केडी बाबरी में सुपर्द खाक किया गया। मृतकों का परिवार चरथावल के आलमनगर में कई वर्षो रह रहे थे। घटना कई जानकारी होते ही चेयरमैन नगर पंचायत मास्टर इस्लाम सहित गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

## विराट कोहली रिटायरमेंट : संन्यास की घोषणा के बाद भावुक हुए कोहली

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। पिछले कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कहा है कि वह लाल गेंद के फॉर्मेट में आगे नहीं खेलना चाहते हैं। हालांकि, ऐसी भी खबर थी कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है, लेकिन किंग कोहली ने अपना फैसला नहीं बदला और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया। कोहली ने पिछले साल टी-20 विश्व कप जीतने के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले लिया था और अब वह भारत के लिए टेस्ट जर्सी में भी नजर नहीं आएंगे। कोहली ने हालांकि कहा कि वह वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। कोहली से पहले बुधवार को रोहित शर्मा ने भी टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया था। रोहित और कोहली अब लाल गेंद के प्रारूप में नजर नहीं आएंगे। भारत को अगले कुछ दिनों में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है, ऐसे में रोहित के बाद कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना भारत के लिए बड़ा झटका है। कोहली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में संन्यास का एलान करते हुए लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल, जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। उन्होंने आगे लिखा, जब मैं इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। कोहली ने आगे अपनी जर्सी का नंबर 269 लिखा और लिखा साइनिंग ऑफ।




## 25 हजार उधार वसूलने गयी महिला ने किया जबरदस्त हंगामा

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। शहर कोतवाली में सोमवार को एक महिला ने उस समय जमकर हंगामा किया जब वह सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे एक व्यक्ति को दी गयी 25 हजार रुपये की उधार दी गयी रकम



दिलाने गुहार लगाने गयी थी। महिला का कहना था कि उसने किसी व्यक्ति को 25 हजार रुपये एक महीने के लिए उधार दिये थे मगर डेढ़ महीने का समय बीत जाने के बाद भी उसने पैसे वापस नहीं किये, जिसकी शिकायत लेकर वह शहर कोतवाली पहुंची मगर महिला का आरोप था कि कोतवाल साहब ने भी उनकी बात नहीं सुनी। बात न सुनने के बाद वृद्ध महिला कोतवाली के बाहर ही जमीन पर बैठकर हंगामा करने लगी। घंटों चले हाईटेंशन ड्रामे के बाद महिला को समझा-बुझाकर वापस भेजा गया।

## पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों के सरेंडर से मिली बंदूकें ही दे दो...

### बलूच कमांडर ने भारत से मांगी मदद, बलूचों ने खाई कसम

तेहरान, 12 मई (एजेंसी)। ईरान स्थित बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट के कमांडर डॉक्टर अल्लाह नजर ने पाकिस्तान के खिलाफ बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई में भारत से मदद मांगी है। नजर ने कहा है कि वे पाकिस्तान की सेना से लड़ना चाहते हैं, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और बलूच लोगों पर अत्याचार हो रहा है। नजर ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि ईरान और अफगानिस्तान को भी उनके गुट की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश होने के नाते इन तीनों देशों का मदद करने का हक बनता है। बलूचिस्तान के विद्रोही गुट के नेता की ये अपील ऐसे वक्त में आई है, जब भारत और पाकिस्तान की तनातनी चल रही है। डॉक्टर नजर ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि भारत हमारी ज्यादा मदद ना करे, वही बंदूकें हमें दे दो, जो पाकिस्तान से छीनी हैं। 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना के दुनियाभर में मशहूर सरेंडर की ओर संकेत करते हुए नजर ने कहा, 'भारत बस इतना काम कर दे कि जो 93,000 बंदूकें उन्होंने सरेंडर के वक्त पाकिस्तानियों से छीनी थीं, वहीं बंदूकें हमें 10-10 गोलियों के साथ दे दें। इनसे ही हम दिखाते हैं कि पाकिस्तान को कैसे ठीक किया जाता है। हमें बलूचिस्तान की आजादी के लिए किसी मिसाइल या परमाणु बम की जरूरत नहीं है।' डॉक्टर अल्लाह नजर ने ये भी कहा कि पाकिस्तान लगातार ये कह रहा है कि अफगानिस्तान और भारत से हमें मदद मिल रही है। लगातार कहा जा रहा है कि बलूचों को ईरान, अफगानिस्तान और भारत से हथियार आ रहे हैं। जब आपको कहा जा रहा है तो फिर मैं आपसे हमारे इस संघर्ष में सक्रिय रूप से समर्थन करने की अपील करता हूं। पड़ोसी देश होने के नाते हमारे जायज संघर्ष में मदद करना आपका फर्ज बनता है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के बाद बलूचिस्तान के गुट ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। बलूच विद्रोहियों ने भारत के साथ तनाव को मौके की तरह देखते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले तेज किए हैं।



बलूचिस्तान के कई इलाकों में विद्रोही गुटों ने अपनी आजादी के झंडे तक फहरा दिए हैं। बलूचों को लगता है कि भारत के साथ उलझी पाकिस्तानी सेना को झटका देने के लिए ये अच्छा समय है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लंबे समय से विरोध प्रदर्शन देखने को मिलते रहे हैं। कई गुटों ने पाक सेना के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह छेड़ा हुआ है। पाकिस्तान सेना बेरहमी से बलूचिस्तान में आंदोलनों को कुलचती रही है, लेकिन हालिया समय में सेना प्रमुख असीम मुनीर और पीएम शहबाज की परेशानी बढ़ी है। इसकी वजह ये है कि एक तरफ पाकिस्तान की भारत से तनातनी चल रही है तो वहीं अफगानिस्तान सीमा पर भी वह मुश्किल में है।

## 32 एयरपोर्ट्स को खोलने का आदेश, संचालन फिर शुरू

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य तनाव के कारण बंद किए गए देश के 32 हवाई अड्डों को एक बार फिर नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। इन हवाई अड्डों पर तत्काल प्रभाव से उड़ान संचालन बहाल करने को लेकर औपचारिक घोषणा की है। गौरतलब है कि भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव के कारण 9 मई से 15 मई तक देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में स्थित 32 हवाई अड्डों, जिनमें श्रीनगर और अमृतसर जैसे प्रमुख एयरपोर्ट शामिल हैं, से नागरिक उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अन्य उड्डयन प्राधिकरणों ने नोटिस टू एयरमेन जारी कर इन हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की सूचना दी थी। अब स्थिति में सुधार के संकेत मिलने के बाद इन हवाई अड्डों को चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नोटिस के मुताबिक बंद किए गए सभी 32 हवाई अड्डों पर उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। इन हवाई अड्डों में उधमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपुर, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जम्मू और जैसलमेर, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर) और लेह शामिल हैं। इसके अलावा, लुधियाना, मुंद्रा, नलिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलाई में भी परिचालन कर दिया गया है।

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा... देश के नाम संबोधन में पाकिस्तान पर बरसे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद सोमवार शाम को देश को सम्बोधित किया। इस संबोधन में पीएम मोदी ने बताया कि कैसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने टेररिज्म पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत काम किया और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों का



खात्मा किया। आज दोपहर पहले डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तान के गंधे खेल पर तीनों सेना के शीर्ष अधिकारियों की तरफ से दूध का दूध और पानी का पानी किया गया। आज से पहले आखिरी बार साल 2021 में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया था, तब पीएम मोदी 19 नवंबर 2021 को लोगों को संबोधित करने के लिए सामने आए थे, तब तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा पीएम ने की थी। यह साल भर से आंदोलन कर रहे किसानों के लिए बड़ा कदम था।

**पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान युद्ध अब थम चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान के पास भारत की तरफ से जाने वाले पानी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। पीएम ने कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। पीएम का इशारा पाकिस्तान की पीपीपी पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो के उस बयान की तरफ था, जिसमें कहा गया था कि या तो दरिया में पानी बहेगा या भारतीयों का खून बहेगा।

**मुनीर की आर्मी का सिखाया सबक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की तैयारी सीमा पर भारत पर वार करने की थी, लेकिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सीधे सीने पर वार किया। भारत का वार इतना करारा था कि पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर हो गया।

**पीएम मोदी का आतंकियों को सख्त संदेश**

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन के दौरान कहा कि आतंकियों ने हमारी देश की बहनों के सिंदूर उजाड़े, तो हमने उनके हेडक्वार्टर उजाड़ दिए। पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश ए मोहम्मद के हेडक्वार्टर पर भारतीय सेना के हमले की ओर था।

**आतंक का रास्ता छोड़ोगे तभी होगी बातचीत**

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंक को खाद पानी दे रही है, वह एक दिन पाकिस्तान को ही खत्म कर देगा। अगर बचना है तो आतंक का सफाया करना ही होगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टाक एक साथ नहीं चल सकते।

**पाक सेना-आतंकी गठजोड़ के सबूत**

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि आतंकियों को विदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पांसर टेररिज्म का यह सबसे बड़ा सबूत है। भारत ने न्यू ऐज वॉरफेयर में श्रेष्ठता साबित की। मेड इन इंडिया हथियारों की ताकत साबित हुई। दुनिया देख रही कि मेड इंडिया हथियार कितने ताकतवर हैं।

**नरेंद्र मोदी ने खोलकर रख दी आसिम मुनीर की पोल**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की इस कार्रवाई से पाकितान घोर निराशा में घिर गया था, हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई के बाद भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे उसने हमारे मंदिरों, गुरुद्वारों, स्कूल कॉलेजों और घरों को निशाना बनाया, लेकिन पाकिस्तान बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं।

**पीएम ने बताया कैसे गिड़गिड़ाया पाकिस्तान?**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान बचने के रास्ते तलाशने लगा। वह दुनिया भर में गुहार लगाने लगा। बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में उसने 10 मई की दोपहर को हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया, तब तक हम आतंक के इन अड्डों को तबाह कर चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को खंडहर बना दिया।

## मध्यस्थता के दावे से पलटे ट्रंप, कहा-हमने तो सिर्फ....भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर यूएस प्रेसिडेंट का नया बयान

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर भारत पाकिस्तान सीजफायर पर बोले हैं। उन्होंने दोनों देशों की परमाणु ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि स्थिति बेहद गंभीर थी, लेकिन दोनों देशों की नेतृत्व क्षमता और समझदारी के कारण हालात संभाले जा सके। इस दौरान ट्रंप ने कई अजीबोगरीब दावे भी किए, लेकिन एक खास बात, इस बार वे मध्यस्थता की बात से पलट गए। उन्होंने कहा-हमने तो सिर्फ मदद की थी, यह भारत के लिहाज से काफी अहम है। ट्रंप ने कहा कि मेरे प्रशासन की मदद से भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्षविराम कराया हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच खतरनाक संघर्ष का अंत हुआ। दोनों देशों के पास काफी न्यूक्लियर हथियार है, लेकिन इसमें सबसे खास बात, ट्रंप ने इस बार मध्यस्थता की बात नहीं की है। उन्होंने मदद की बात की है। भारत ने मध्यस्थता की बात करने पर कड़ा रुख अपनाया था। साफ संदेश दिया था कि भारत पाकिस्तान के बीच कोई तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं हो सकती। ट्रंप ने कहा कि मैं गर्व से कह सकता हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों के नेताओं ने अद्भुत संकल्प और बुद्धिमानी दिखाई। वे स्थिति की गंभीरता को पूरी तरह समझते थे। हमने इस पूरे मामले में काफी मदद की। सिर्फ कूटनीतिक रूप से नहीं, बल्कि व्यापार के जरिये भी हमने उन्हें समझाया। चौधरी बनते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने व्यापार को एक रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया। हमने भारत और पाकिस्तान से कहा, हम आपके साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं, चलो इसे रोकते हैं, यदि आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं, यदि आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करने जा रहे हैं। लोगों ने वास्तव में कभी भी व्यापार का उपयोग उस तरह से नहीं किया है जिस तरह से मैंने किया है। उनके अनुसार, सीजफायर और तनाव कम करने में अमेरिका की भूमिका निर्णायक रही। यह राजनयिक जीत व्यापारिक दबाव की नीति से संभव हुई।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है**

6 मई की रात पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी के ठिकानें और उनके ट्रेनिंग सेंटर पर हमले किए। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं, परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए अपनी सेनाओं को खुली छूट दी। आज सभी आतंकी संगठन जान चुका है कि हमारी देश की बेटियों का सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, यह देश के कोटी-कोटी लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है।



# भारत में बच्चों के लिए खिलौना बनीं पाकिस्तान की मिसाइलें

## - मलबे को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखकर युवकों ने ली सेल्फी

जोधपुर, 12 मई (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर से गुजरात तक फैली भारत की हजारों किलोमीटर लंबी सीमा पर स्थित महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। राजस्थान में तीन रातों तक पाकिस्तान की ओर से लगातार एक ही तरह की बड़ी मिसाइल दागी गई। ये वही मिसाइलें थीं, जिन पर पाकिस्तान अक्सर नाज करता है और जिनके नाम गौरी, गजनवी, अब्दाली, नस्र और शाहीन जैसे रखकर उन्हें दुनिया की ताकतवर मिसाइलों में गिनाता है, लेकिन भारतीय सेना ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से इन सभी मिसाइलों और ड्रोनों को हवा में ही नष्ट कर दिया। 09 मई को दोपहर में पाकिस्तान की ओर से दागी गई कई मिसाइलें सीमावर्ती फलौदी क्षेत्र के गांवों के खेतों में आकर गिरीं। हालांकि प्रशासन और सेना ने पहले ही चेतावनी दी थी कि मिसाइल या ड्रोन के मलबे के पास न जाएं, क्योंकि इनमें लगे वारहेड या विस्फोटक कई बार सक्रिय अवस्था में रह जाते हैं और अचानक फट सकते हैं, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है, लेकिन इन चेतावनियों को दरकिनार करते हुए कुछ स्थानीय युवकों ने इन मिसाइलों को एक तरह से खिलौना ही बना डाला। सेना और प्रशासन के मौके पर पहुंचने से पहले ही कुछ ग्रामीणों ने मिसाइलों को उलट-पलटकर देखा, किसी ने कहा कि अगर इसमें कुछ काम की चीज हो तो निकाल लो, तो किसी ने इनके साथ सेल्फी लेना शुरू कर दिया। कुछ युवक तो इन मिसाइलों को सामान्य वस्तु समझकर ट्रैक्टर-ट्रॉली या बोलेरो कैंपर में रखकर दूसरी जगह ले गए। हालांकि बाद में भारतीय वायुसेना के जवान मौके पर पहुंचे और मिसाइलों के मलबे को जब्त कर लिया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान की मिसाइलों का भारत के नागरिकों पर कोई डर नहीं है। फलौदी के युवाओं ने अपने व्यवहार से यह दिखा दिया कि उन्हें पाकिस्तान के मिसाइलों से कोई भय नहीं, भले ही उनके नाम शाहीन, गौरी या गजनवी क्यों न हों। हमारी सेना इतनी सक्षम हैं कि पाकिस्तान की दागी मिसाइलें भारत की धरती पर कोई नुकसान नहीं कर सकतीं।

# दुश्मन पर कहर बनकर टूटी ब्रह्मोस मिसाइल: भारत ने क्रूज मिसाइलें दागीं तो बौखलाया पाकिस्तान

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारत की ब्रह्मोस मिसाइल ने नूर खान (चकलाला) स्थित एयरबेस सहित पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों और एयरबेस को निशाना बनाया। सूत्रों का कहना है कि भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल तब किया, जब पाकिस्तान ने अपनी फतह 11 बैलिस्टिक मिसाइलों से नई दिल्ली को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि, हरियाणा के सिरसा के पास एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने फतह को मार गिराया। सूत्रों ने बताया कि क्रूज मिसाइल का सामरिक उपयोग पाकिस्तान की परमाणु ताकत की छवि को कमजोर करने के लिए किया गया था। यह एक ऐसा मोड़ था, जिसने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया और सेना प्रमुख असीम मुनीर सहित सैन्य नेतृत्व को कदम पीछे खींचने पर मजबूर किया। एक दिन पहले भारत ने लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली पर हमला किया था। इससे पाकिस्तान की कमजोरियां उजागर हो गई थीं कि भारत की मिसाइलें उसके क्षेत्र में बहुत अंदर तक सटीकता से लक्ष्य को भेद सकती हैं। ब्रह्मोस समेत भारत की मिसाइलों ने रफीकी, मुरीदके, नूर खान, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुनियन, स्कार्दू, भोलारी, जैकबाबाद में भारी नुकसान पहुंचाया। ब्रह्मोस दो-



चरणीय मिसाइल है। इसे रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसका नाम दो नदियों भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा से मिलाकर रखा गया है। यह भारत-रूस साझेदारी का प्रतीक भी है। मिसाइल ठोस ईंधन बूस्टर के साथ लॉन्च होती है, जो उड़ान भरने के बाद अलग हो जाता है। इसके बाद तरल ईंधन से चलने वाला रैमजेट इंजन इसे मैक 3 की गति से आगे बढ़ाता है। यह 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकती है और जमीन से 10 मीटर की ऊंचाई पर भी हमला कर सकती है। इसे दागो और भूल जाओ के सिद्धांत पर डिजाइन किया गया है। एक बार लॉन्च होने के बाद इसे किसी और मार्गदर्शन की जरूरत नहीं होती। मिसाइल का कम रडार सिग्नेचर और उच्च गतिज ऊर्जा के कारण इसे रोकना बेहद कठिन हो जाता है। ब्रह्मोस मिसाइलों की मानक मारक क्षमता 290 किलोमीटर है। हालांकि, हाल ही में 450 किलोमीटर से अधिक और 800 किलोमीटर तक की विस्तारित मारक क्षमता वाले संस्करणों का सफलतापूर्वक परीक्षण भी किया गया है। भविष्य के वेरिएंट का लक्ष्य 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों पर हमला करना है। ब्रह्मोस का पहला परीक्षण 12 जून, 2001 हुआ था। भारतीय नौसेना ने 2005 में आईएनएस राजपूत पर अपना पहली ब्रह्मोस प्रणाली शामिल की थी। भारतीय सेना ने 2007 में अपनी रेजिमेंट के साथ इसे शामिल किया और बाद में वायुसेना ने सुखोई-30एमकेआई विमान से हवाई-लॉन्च वाले संस्करण को शामिल किया। 2025 तक इसके दो संस्करण सेवा में हैं।

# भारत ने पाकिस्तानी मिराज को किया तबाह, तस्वीरें दे रही गवाही




नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। भारतीय सेना ने सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान सेना ने स्पष्ट किया कि भारत की लड़ाई हमेशा पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों और उनके ढांचे के खिलाफ रही है और आगे भी इसी दिशा में जारी रहेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने पाकिस्तानी मिराज विमान के मलबे और पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल के अवशेषों की क्लिप भी दिखाई। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि भारत का लक्ष्य केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था, लेकिन अफसोस की बात है कि पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का समर्थन करते हुए इसे अपनी लड़ाई बना लिया। एयर मार्शल ने कहा कि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली देश की सुरक्षा में अडिग खड़ी है और इसे भेद पाना दुश्मनों के लिए असंभव है। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी सैन्य अड्डे, उपकरण और प्रणालियां पूरी तरह सक्रिय हैं और किसी भी अगली कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 7 से 9 मई के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में भारत ने लाहौर समेत पाकिस्तान के कई एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया। साथ ही भारत ने 9-10 मई की रात पाकिस्तान के 11 एयरफोर्स बेस पर जवाबी कार्रवाई की, जिनमें नूर खान, रफीकी, मुरिदके, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चुनीयन, सरगोधा, स्कारु, भोलारी और जैकोबाबाद शामिल हैं। यह पहला मौका था, जब किसी देश ने परमाणु क्षमता से लैस राष्ट्र के एयरफोर्स कैंपों को सफलतापूर्वक नुकसान पहुंचाया। इन हमलों में पाकिस्तान के एफ-16 और जेएफ-17 लड़ाकू विमानों वाले बेसों को नुकसान पहुंचा, जिससे पाकिस्तानी वायुसेना की 20 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गई। वहीं, भोलारी एयरबेस पर हुए हमले में पाकिस्तान के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ समेत 50 से अधिक सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और कई लड़ाकू विमान नष्ट हो गए।



# हम इस्लामी फौज, हमारा काम जिहाद, बोले पाकिस्तानी सेना के डीजी आईएसपीआर अहमद शरीफ, वीडियो वायरल

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा हो चुकी है। 4 दिन तक चले सैन्य टकराव के बाद ये फैसला लिया गया। हालांकि, इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पाकिस्तान के डीजी आईएसपीआर अहमद शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना एक इस्लामी सेना है। इनका काम जिहाद करना है। ये उन्हें प्रेरित करता है। बता दें कि अहमद शरीफ ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि उनसे प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने सवाल किया कि हमारी सेना इस्लामिक शब्दों का इस्तेमाल कर रही है, जो भारतीय मीडिया समझ भी नहीं पा रही है। जर्नलिस्ट में कुछ लाइनें भी बोली, जो उर्दू में थी। ये वीडियो पाकिस्तान अन्टोल्ड ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया है। ये पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान के डीजीआईएसपीआर अहमद शरीफ ने ऐसा बयान दिया है, जो पाकिस्तान की कट्टरता को दिखाता है। इससे पहले उन्होंने दावा किया है कि उनके पिता सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद के खूंखार आतंकियों के साथ खास रिश्ते हैं। सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद का नाम पाकिस्तान की वैज्ञानिक बिरादरी में एक समय प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता था। वे पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन उनकी कट्टरपंथ की ओर झुकाव ने उन्हें एक विवादास्पद और खतरनाक शख्सियत बना दिया। हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई। इस अभियान की सफलता के बाद, पाकिस्तान की तरफ से डीजीआईएसपीआर मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत पर नागरिक ठिकानों, मस्जिदों और नीलम-झेलम पनबिजली परियोजना पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने 26 नागरिकों की मौत का भी दावा किया, लेकिन भारत ने इन सभी आरोपों को पीआईबी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और स्वतंत्र फैक्ट-चेकर्स के माध्यम से स्पष्ट सबूतों के साथ खारिज कर दिया। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य केवल आतंकी शिविर, हथियार डिपो और प्रशिक्षण केंद्र थे। किसी भी नागरिक या धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया।

# शाहिद अफरीदी ने फिर उगला जहर



नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया, लेकिन फिर भी पाक को अपनी हार हजम नहीं हो रही है। एक बार फिर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी एक के बाद एक भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम शुरू कर दिया है। रविवार को पाकिस्तान की सेना की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय आक्रामकता के प्रति यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने इस्लामाबाद को कम आंका था। कराची के सी व्यू में आयोजित यौम-ए-तशकूर (कृतज्ञता दिवस) रैली में बोलते हुए अफरीदी ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युद्ध जुनून ने भारत को एक मुसीबत में धकेल दिया है। अफरीदी ने कहा पीएम मोदी को अब एहसास हो गया है कि पाकिस्तान से भिड़ना कितना महंगा है। बता दें कि इससे पहले शाहिद अफरीदी के घर का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें घर के ऊपर पाकिस्तान का झण्डा लहरा रहा था। तेज हवाओं के बीच शाहिद अफरीदी अपने घर की छत पर टहलते नजर आए और बोतल से कुछ पीते भी दिखे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरी उम्मीद, मेरा विश्वास, मेरी वीरता, मेरी ताकत और मेरा भविष्य। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। उसके 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने अपना बदला ले लिया है। भारतीय सेना की कार्यवाई में 90 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया। पहलगाम में आतंकियों के कायराना हरकत के बाद से ही शाहिद अफरीदी जहर उगल रहे हैं। उन्होंने इस हमले के लिए भारतीय सेना को ही जिम्मेदार ठहरा दिया, जिसके बाद शिखबर धवन समेत कई भारतीय क्रिकेटर्स ने उनकी बोलती बंद कर दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया, लेकिन फिर भी पाक को अपनी हार हजम नहीं हो रही है. एक बार फिर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी एक के बाद एक भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम शुरू कर दिया है। रविवार को पाकिस्तान की सेना की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय आक्रामकता के प्रति यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने इस्लामाबाद को कम आंका था।

# पाकिस्तान के अधिकारी और विधायक बड़े ही बेशर्मी से शामिल हुए थे आतंकियों के अंतिम संस्कार में



नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। इसके तहत 7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादियों की मौत हो गई, जिनमें मुदस्सर खादीयन खास, अबू जुंदाल, हाफिज मुहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ आजहर, खालिद और मोहम्मद हसन खान जैसे खूखार आतंकी शामिल हैं। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष बढ़ता चला गया। 10 मई को पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन ने भारत से शांति समझौते की पेशकश की। इसके बाद 10 मई शाम 5 बजे से भारत-पाकिस्तान के बीच शांति समझौता लागू हुआ। हालांकि, इसके बाद भी पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन हुआ, जिस पर भारत ने कड़ा जवाब दिया। भारतीय सेना ने साफ किया कि अगर पाकिस्तान ने दोबारा सीजफायर का उल्लंघन किया, तो भारत मुंहतोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों पर कई खुलासे किए। तीनों सेनाओं- थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑपरेशन सिंदूर की डिटेल में जानकारी बताई। इसके अलावा एक डॉक्यूमेंट भी शेयर किया गया है। इसमें सामने आया कि पाकिस्तान की सेना, पुलिस और सियासी नेता आतंकियों के साथ ना केवल हमदर्दी रखते हैं, बल्कि उनके अंतिम संस्कार में भी शामिल होते हैं। भारतीय सेना ने जो डॉक्यूमेंट शेयर किया, उसके अनुसार लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के सीनियर अधिकारी, पंजाब प्रांत के पुलिस प्रमुख और एक विधायक शामिल हुआ। ये आतंकवादी ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुरीदके में भारतीय सैन्य कार्रवाई के दौरान मारे गए थे। लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अब्दुल रऊफ ने खुद इन आतंकियों की जनाजे की नमाज अदा कराई। अब्दुल रऊफ को अमेरिकी ट्रेजरी ने ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है। आतंकियों के जनाजे में शरीक होने वाले पाकिस्तान के बड़े ओहदेदार में क्रमशः लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन शाह, कोर कमांडर कोर, लाहौर, मेजर जनरल राव इमरान सरताज इन्फेंट्री डिवीजन, लाहौर ब्रिगेडियर मोहम्मद फुरकान शब्बीर कमांडर लाहौर, डॉ. उस्मान अनवर इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, पंजाब मलिक सोहैब अहमद भरथ पंजाब की प्रांतीय विधानसभा के सदस्य बड़ी ही बेशर्मी के साथ शामिल हुवे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर वायुसेना ने कहा, हमारा एयर डिफेंस सिस्टम देश के लिए दीवार की तरह खड़ा रहा

नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आज भारतीय सेना के तीनों अंगों के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग की शुरूआत करते हुए एयरमार्शल एके भारती ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों का साथ देना जारी रखा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की लड़ाई केवल आतंकवादियों के खिलाफ है। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि रविवार को हमने विस्तार से बताया था कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई की थी। हमने स्पष्ट किया था कि हमने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं। हालांकि, पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ थी। 7 मई को हमने आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवाद का साथ देने का फैसला किया। उनका जो भी नुकसान हुआ, इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। हमारी तरफ से एयर डिफेंस सिस्टम देश के लिए दीवार की तरह खड़ा था। इसे भेदना दुश्मन के लिए नामुमकिन था। इस दौरान एके भारती ने बताया कि, हमारे पुराने हथियारों ने भी युद्ध में कमाल का काम किया और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आकाश सिस्टम से हमने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन्स को तबाह किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि हमने पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल और चीनी ड्रोन्स को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। लेजर गन से पाकिस्तानी ड्रोन्स को निशाना बनाया गया। वहीं डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि ह्यजब जब पाकिस्तान ने हमारे एयर फील्ड में लगातार हमले किए, वो हमारे मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने असफल हो गए। हमारा एयर डिफेंस इतना मजबूत था कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था, जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तानी एयरफील्ड की देखी। वहीं हमारी सभी एयरफील्ड सही हैं। हम अपनी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की भी तारीफ करना चाहता हूं। इन्होंने बहुत बहादुरी से हमारा साथ दिया। उनके काउंटर अलार्म सिस्टम भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम का हिस्सा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादों का विनाश किया।



# किड्ज़ी स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बुस.)। आज किड्जी प्रेमपुरी प्रांगण में मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे के सम्मुख मुख्य अतिथि पारुल कुमार,अंजू अरोरा एवं स्कूल डायरेक्टर शालिनी शर्मा और नेहा अरोरा तथा स्कूल कॉर्डिनेटर गरिमा मारवाह ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की थीम "स्कूल" थी। समस्त मातृशक्ति स्कूल की ड्रेस पहन कर आई थी। जैसे स्कूल में प्रतिदिन बच्चे असेंबली में किड्जी एंथम करते हैं। उसके बाद राष्ट्रीय गान करते है, ये सब मातृ शक्ति ने किया, जिस डेस्क पर बच्चे बैठते हैं, उन पर ही मातृ शक्ति को बैठाया गया। उसके बाद बच्चों को जैसे कलमिनेशन कराया जाता है, नोट बुक में काम कराया जाते हुए सब मातृ शक्ति ने किया। इस तरह से मातृशक्ति ने अपनी स्कूल की लाइफ को फिर से साकार किया। सभी ने इसका भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में आगे मातृ शक्ति की रैंप वॉक कराई गई। बच्चों की माताओं को क्विज कराई गई। स्कूल कॉर्डिनेटर गरिमा मारवाह ने बताया कि हम मातृ दिवस क्यों मनाते है। स्कूल डायरेक्टर शालिनी शर्मा और नेहा अरोरा ने अपने मातृ जीवन के अनुभव सबके साथ साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी विनर को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मातृ शक्ति और सभी मेहमानों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल कॉर्डिनेटर गरिमा मारवाह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शालिनी कौशिक और ज्योति माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल फैसिलिटेटर वैशाली , चिंकी भटनागर, मुस्कान कंबोज, प्रज्ञा और तान्या का विशेष योगदान रहा।



# प. उ.प्र. संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का 26वां स्थापना दिवस



मुजफ्फरनगर, 12 मई (बुस.)। आज पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नई मंडी कार्यालय पर, संगठन द्वारा लगाए जाने वाले वार्षिक निशुल्क आंखों के विशाल कैंप के निमित्त, कोर्डिनेशन की एक बैठक संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गर्ग की अध्यक्षता, प्रदेश वरिष्ठ प्रचार मंत्री अनिल कंसल के दिशा निर्देशन, नगर अध्यक्ष नरेंद्र मित्तल के संचालन और नगर अध्यक्ष युवा राजीव सिंघल की व्यवस्था में संपन्न हुई, जिसमें, संगठन के सभी पदाधिकारियों को 14 मई को प्रातः 9:00 बजे आयोजित होने वाले निःशुल्क आंखों के विशाल कैंप की से संबंधित सारी व्यवस्थाएं सौंपी गई और इसके अलावा लायंस क्लब उन्नति मुजफ्फरनगर के सृजन से इसी कैंप में निःशुल्क ब्लड शुगर टेस्ट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए,भारत सरकार के द्वारा दूरदर्शिता के साथ बदला लेने के निर्णय एवं भारत के सैनिकों के पराक्रम की सराहना करते हुए, पाकिस्तान को भारत की शक्ति का एहसास कराने के तरीके की भूरी- भूरी प्रशंसा की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री राधे श्याम विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री हर्षवर्धन जैन, प्रदेश युवा महामंत्री जयवीर सिंह, प्रदेश मंत्री ओमकार अहलावत, जिला अध्यक्ष रामकुमार तायल, जिला महामंत्री बागेश अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष युवा सरदार चरणजीत सिंह, सत्यवीर वर्मा, नगर महामंत्री सुमित गर्ग, नई मंडी अध्यक्ष प्रवीण जैन,कोषाध्यक्ष विमल प्रसाद गुप्ता, नई मंडी वरिष्ठ मंत्री सुरेश जैन, नई मंडी सह कोषाध्यक्ष अमित मित्तल, नगर युवा महामंत्री नवीन मित्तल, अलमासपुर इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी महामंत्री सुनील सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवीर सिंह राठी, नगर युवा कोषाध्यक्ष हर सिंघल आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# जल शुद्धि, अभिषेक और शांति धारा करने वाले सभी इन्द्रों की कराई शुद्धि कराई गई

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बुस.)। आज श्री 108 सुज्ञानमति माताजी, दयामति माता जी, कुमुद मति माताजी एवं क्षुलिका अक्षत मति माताजी के सान्निध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मुनीम कालोनी में, माता श्री सुज्ञानमति, द्वारा सर्वप्रथम जल शुद्धि, अभिषेक और शांति धारा करने वाले सभी इन्द्रों की कराई शुद्धि कराई गई। प्रथम अभिषेक एवं शान्तिधारा श्री अरुण बिहारी के द्वारा कराई गई। तत्पश्चात पश्चात समाज के अन्य लोगों ने अभिषेक किया। इसके बाद प्रतिमा का परिमार्जन किया गया। फिर माता श्री का सम्बोधन हुआ। शाम को अशोक जैन के घर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार जैन, प्रमोद जैन, नवनीत जैन, दीपक जैन, स्वदेश जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, सुबोध जैन, साधना जैन, रुपाली जैन, प्रणिता जैन, पूरन सागर, विभोर जैन, जितेन्द्र टोनी, संजय जैन एल्यूमिनियम वाले आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाला भेजा जेल

बुढ़ाना, 12 मई (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार बीती 11 मई को जीशान निवासी बुढ़ाना द्वारा सोशल मीडिया पर दुश्मन देश पाकिस्तान की आपत्तिजनक पोस्ट डाल दी, जिसमें भारतीय सेना, हिन्दू देवताओं और मीडिया पर सवाल उठाए गए हैं। उक्त वीडियो वायरल होने के सम्बन्ध में हिन्दू संगठनों द्वारा रोष प्रकट किया गया, तो उपरोक्त वायरल वीडियो की जांच कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर बुढ़ाना पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को बीती रविवार की देर रात उसके मकान से हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। आरोपी को हैड कांस्टेबल कृष्णपाल, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार और कांस्टेबल करनवीर सिंह ने पकड़ा है।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 12 मई, (बु.)।
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1285, लड्डू 1600-1685, खुरपापाड़ 1450-1500, आमद- 1500 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 मई, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97,000 | चांदी- | 97750 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 72280 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# सीबीएसई विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

परीक्षा परिणाम से पहले सीबीएसई ने परीक्षा सम्बंधित नियमों में कुछ विशेष बदलाव किये हैं, जिनका ज्ञान हर विद्यार्थी को होना आवश्यक है। सीबीएसई बोर्ड ने रिजल्ट से पहले एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे छात्रों को काफी फायदा मिलेगा। अब छात्र रिजल्ट के बाद रीचेकिंग से पहले अपनी उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी देख सकेंगे। इससे उन्हें नंबरों की जांच करने और गलती पकड़ने में आसानी होगी। यह नया नियम 2025 से लागू होगा। सभी जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर मिलेगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन दिल्ली ने इस वर्ष से 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए रिजल्ट से जुड़ी बड़ी जानकारी जारी की है। जानकारी देते हुए बोर्ड ने बताया है की पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी यानी रिजल्ट के बाद की प्रक्रिया में कुछ बदलाव किये गए हैं। नए नियमों के अनुसार, अगर कोई छात्र अपने नंबरों की दोबारा जांच कराना चाहता है, तो पहले उसे अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी मिलेगी। यहां आप सीबीएसई बोर्ड का इंपोर्टेंट नोटिस चेक कर सकते हैं।

**पहले ऐसे था प्रोसेस-** बोर्ड के नोटिस के मुताबिक, कैंडिडेट्स मार्क्स वेरिफिकेशन (अंक जांच) या री-इवैल्युएशन (पुनर्मूल्यांकन) के लिए आवेदन कर सकेंगे। पहले यह प्रक्रिया अलग होती थी। पहले नंबर चेक किए जाते थे और फिर कॉपी मिलती थी और अंत में री-इवैल्युएशन होता था। बोर्ड ने इस नई व्यवस्था की जानकारी सभी स्कूलों को नोटिस जारी करके दी है और यह नियम साल 2025 से लागू होगा। इससे छात्रों को ज्यादा पारदर्शिता और सही तरीके से अपनी कॉपी चेक करवाने का मौका मिलेगा।

**रीचेकिंग से पहले देख सकेंगे अपनी कॉपी-** सीबीएसई बोर्ड के नए सिस्टम से छात्रों को अब पहले से ज्यादा सुविधा मिलेगी। अब छात्र रिजल्ट के बाद फोटो कॉपी देख सकेंगे। इससे उन्हें यह समझने में आसानी होगी कि कहां गलती हुई है, कितने नंबर मिले हैं और अगर कोई गड़बड़ी दिखे तो वे आगे की प्रक्रिया का सही निर्णय ले सकेंगे। इससे छात्रों को पारदर्शिता भी मिलेगी और वे बिना संदेह के अपनी कॉपी रीचेक या रेव्लुयेट करवा सकेंगे। री-वैल्यूएशन के दौरान उत्तरों की दोबारा जांच होती है और अगर कोई गलती मिलती है तो नंबर बढ़ भी सकते हैं। हालांकि, नंबर घट भी सकते हैं या वैसे के वैसे रह सकते हैं

**नई प्रक्रिया के अनुसारः फोटोकॉपी-** परिणाम घोषित होने के बाद, छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने का विकल्प मिलेगा। **सत्यापन-** छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी देखकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनके अंकों की गणना सही है या नहीं। **पुनर्मूल्यांकन-** यदि उन्हें लगता है कि उनके अंकों में कोई त्रुटि है या उनके उत्तरों का सही मूल्यांकन नहीं हुआ है, तो वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। - **अन्य महत्वपूर्ण जानकारी- पारदर्शिता-** यह नई प्रक्रिया पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाती है। **गलत आवेदन-** इससे छात्रों को अनावश्यक आवेदन करने से भी बचा जा सकता है। **शुल्क-** पुनर्मूल्यांकन के लिए शुल्क देना होगा, जो परीक्षा और विषयों की संख्या पर निर्भर करेगा। **निष्कर्षः-** यह नई प्रक्रिया छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिकाओं को समझने और पुनर्मूल्यांकन के लिए सही निर्णय लेने में मदद करेगी।



डॉ. एम.के. गुप्ता
डायरेक्टर ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल,मुजफ्फरनगर

## सपा सांसद ने जिलाध्यक्ष संग किया सड़क निर्माण का उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। नगरपालिका परिषद की ओर से शुरू कराए विकास कार्यों की कड़ी में सोमवार को मौ. खालापार की बेहद जर्जर 40 फुटा रोड़ का मुजफ्फरनगर लोस से सपा सांसद द्वारा किया जा रहा है। एमडीए द्वारा निर्माण कार्य का शुभारंभ सपा सांसद हरेंद्र मलिक व सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एड. द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव, मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक ने करते हुए कहा कि जहां भी विकास की जरूरत है बिना भेदभाव के समान रूप से सभी क्षेत्र में विकास करना मेरी पाली प्राथमिकता होगी। मौ. खालापार में एमडीए की ओर से शुरू कराए जा रहे निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते हुए सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के उत्पीड़न, अवैध उगाही और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकारियों को सजग रहकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता का उत्पीड़न व अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस बीच क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क निर्माण के उद्घाटन अवसर पर सपा सांसद हरेंद्र मलिक एवं जिलाध्यक्ष जिया चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी, सभासद अन्नू कुरैशी, शहजाद चीकू एवं हसीब राणा के अलावा नौशाद पहलवान, इमलाक प्रधान सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# शाहपुर के डॉ. तेजपाल सैनी ऑल इंडिया सैनी सभा के पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने, हर्ष की लहर

## - ऑल इंडिया सैनी सभा की प्रदेश कार्यकारिणी का राष्ट्रीय महासचिव के निर्देशन में हुआ गठन

शाहपुर, 12 मई (बु.)। कस्बे के शामली रोड पर स्थित गौरव हॉस्पिटल में आयोजित ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए डॉ. तेजपाल सैनी को प्रदेश अध्यक्ष व अवनीश सैनी गाजियाबाद को प्रदेश महासचिव बनाया गया। शाहपुर के गौरव हॉस्पिटल में ऑल इंडिया सैनी सभा के राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभा की उत्तर प्रदेश इकाई का गठन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद पर कस्बे के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. तेजपाल सैनी को पुनः नियुक्त किया गया। गाजियाबाद निवासी अवनीश सैनी को प्रदेश महासचिव बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर अमरोहा के दिनेश सैनी, गाजियाबाद के विवेक सैनी, नोएडा के धीर सिंह सैनी, सहारनपुर के सुधीर सैनी, डॉ. किशोर सैनी, बरेली के सत्यप्रकाश सैनी, अमरोहा के अरविंद सैनी व कोषाध्यक्ष पद पर गाजियाबाद के कमल सैनी को नियुक्त करने के साथ सात प्रदेश सचिव व सात सहसचिव नियुक्त किये गए। कार्यकारिणी में प्रदेश स्तर पर 101 सदस्यों की नियुक्ति की गई। ऑल इंडिया सैनी सभा के राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी ने कहा कि ऑल इंडिया सैनी सभा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, बच्चों व महिलाओं की शिक्षा के कार्य करने के साथ खेल, सेना, सरकारी, गैर सरकारी, राजनीतिक,



सामाजिक, शिक्षा व अन्य क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रोत्साहित कर युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करती है। समाज के लिए शिक्षा का प्रचार प्रसार, पुस्तकालय स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थान खोलने के लिए प्रेरित करती है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सैनी ने बताया कि जल्द ही प्रदेश के जनपदों के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर कार्यकारिणी गठित की जाएगी। इस दौरान सभा के राष्ट्रीय सचिव अशोक सैनी, डॉ. गौरव सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सैनी, नंदकिशोर सैनी, विशाल सैनी, अमित सैनी, नीटू सैनी आदि मौजूद रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा में भयंकर गर्मी में बांटा ठंडा शर्बत

बुढ़ाना, 12 मई (बु.)। कस्बे के चंधेड़ी रोड पर आज सोमवार के दिन बुद्ध पूर्णिमा पर एक स्टाल लगाकर आते-जाते राहगीरों को भयंकर गर्मी में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में ठंडा रूह अफजा शरबत पिलाया गया, जिसे पीकर राहगीरों ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया। इस दौरान यहां पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा आती है, जिसमें सत्य नारायण की पूजा करने से और सत्य नारायण की कथा सुनने से धर्म लाभ होता है। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से व्यापारी नेता संजीव कुमार संगल, रवि प्रजापति, सूफियान कुरैशी, नसीम भटियारा, नीरज त्यागी और मोहित शर्मा आदि व्यापारियों की मौजूदगी रही।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ

ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान की चुनौतियों का जवाब देने के लिए ऑपरेशनल तैयारी है। विशेषज्ञ इसे युद्ध विराम नहीं कहना चाहते बल्कि इसे सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी बंद करना कहते हैं। पाक के हमलों को नाकाम करने और भारत के पाक पर सटीक हमलों ने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया, जब रावलपिंडी के ठिकाने पर हमला हुआ, तो पाकिस्तान के पाँव के नीचे से जमीन खिसक गयी। इन सब के चलते सीज फायर की घोषणा हो गयी। चाहे कोई इस सीज फायर को किसी भी दृष्टिकोण से देखे, लेकिन सच यह भी है कि इस सीज फायर की घोषणा के बाद करोड़ों लोगों ने राहत की साँस ली। इन धमाकों के बाद बार्डर से लगे सभी इलाकों में लोग एक-एक पल भय में जी रहे थे, बाजारों से रौनक गायब हो रही थी, जीवन तो चल रहा था, लेकिन लय गायब हो चुकी थी, सीज फायर की घोषणा ने सब भय को हटा दिया, बाजार सामान्य हो गए, आशंकाएं समाप्त हुई। इससे लोगों को राहत मिली यह अलग बात है, लेकिन इस लड़ाई में भारत को और आगे जाना चाहिए था, यह सोचना अलग बात है, जहाँ तक आतंकवाद के खात्मे की बात है, तो आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त हुए, आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है। कोई आतंकी हमला अब नहीं होगा इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। पूरी पृथ्वी से सब आतंकी मिट जाएंगे, यह सोचना भी एक विचार है। इस सीज फायर का एक अर्थ यह भी निकाला जा रहा है कि पाकिस्तान पर इस कदर चोट पहुंची कि वह सीज फायर के लिए घुटनों पर आया, गिड़गिड़ाया, क्योंकि उसे इस हाँफ़ती स्थिति में साँस लेने के लिए सीज फायर की जरूरत थी। साँस लेने के बाद वह फिर डंक मार सकता है, किसी उस्ताद शायर का शेर है-

अपनी फितरत बदल नहीं सकता,
साँप अमृत उगल नहीं सकता।

पाकिस्तान से हर समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारत की युद्ध नीति के बारे में विदेशी अखबारों में भी अच्छा लिखा जा रहा है। सीज फायर पर भी अच्छा लिखा जा रहा है। विदेशों में रहने वाले भारतीयों में भी इन हमलों को लेकर तनाव था। इस सीज फायर की घोषणा से वह तनाव समाप्त हुआ और यह भी एक सच है। सुपरस्टार रजनीकांत ने इस मामले पर कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को मेरी हार्दिक बधाई। इस युद्ध को कुशलतापूर्वक, दृढ़तापूर्वक और जोश से संभालने के लिए प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हमारी तीनों सैन्य बलों के अधिकारियों और सैनिकों को मेरी बधाई। इस सीज फायर पर कई तरह की बातें चल रही है। भारत के हमले से नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह से डर गया था। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त हो गये थे और वो भारतीय मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में बुरी तरह से नाकाम साबित हो रहे थे, जबकि उस वक्त तक भारत ने अपने काफी कम तबाही मचाने वाले हथियारों ही का इस्तेमाल किया था। ऐसा लग रहा था कि भारत अगले कुछ घंटों में पाकिस्तान के तमाम सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार को तबाह करने वाला है। चर्चा है कि इसी बीच अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भारतीय प्रधानमन्त्री मोदी को फोन करते हैं और उसके बाद सीजफायर का ऐलान हो जाता है। भारत की तरफ से इस मामले में अमेरिका के हस्तक्षेप पर कुछ नहीं कहा गया। आखिर टेलीफोन पर जेडी वेंस ने प्रधानमन्त्री मोदी को क्या कहा था, ऐसी क्या 'खतरनाक खुफिया' जानकारी थी, जिसे जानने के बाद भारत सीजफायर के लिए तैयार होता है? एक विदेशी एजेंसी ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले इसका खुलासा किया है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के पास कुछ ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी, जो काफी खतरनाक थी। ये जानकारी इतनी संवेदनशील थी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन, जिसने ठीक एक दिन पहले कह दिया था कि उसे इस युद्ध से कोई मतलब नहीं है, उसे अचानक बीच में आना पड़ा और सीजफायर के लिए भारत से बात करनी पड़ी, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आशंका थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है, संभावित तौर पर एक परमाणु युद्ध की आशंका तक पहुंच सकती थी। उनके टेलीफोन का मकसद भारत को एक सीधे युद्ध से बचने की सलाह दी गई थी, लेकिन इन बातों का भारत में कोई चर्चा नहीं है। विदेशी न्यूज एजेंसी का कहना है कि जेडी वेंस ने प्रधानमन्त्री मोदी से कहा कि अमेरिका का आंकलन है कि अगर संघर्ष दो दिनों तक और चलता है, तो ये युद्ध नाटकीय अंजाम तक बढ़ सकता है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने ये नहीं बताया कि वो खुफिया जानकारी क्या थी और युद्ध के नाटकीय अंजाम तक बढ़ने का क्या मतलब था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद पाकिस्तान बहुत ज्यादा डर गया था और उसे लग रहा था अब भारत उसके हाई वैल्यू टारगेट पर हमला करने वाला है। नूर खान एयरबेस, पाकिस्तानी एयरफोर्स का सबसे संवेदनशील एयरबेस है और भारत ने यहां पर डीप स्ट्राइक किए थे। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार सिस्टम भारतीय हथियारों को बिल्कुल भी इंटरसेप्ट नहीं कर पा रहे थे, जिससे भारतीय हमलों को रोकने के लिए पाकिस्तान के पास कुछ नहीं था, जबकि पाकिस्तान के मिसाइल भारत को नुकसान नहीं पहुंचा रहे थे, जिससे पाकिस्तान के हाथ पांव फूल गये थे और वो किसी तरह से युद्ध से बाहर निकलना चाहता था। भारत और पाकिस्तान में सीजफायर के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारतीय सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एयर मार्शल एके भारती ने कहा, हमारी लड़ाई आतंकियों से थी पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की मदद की और हमें जवाब देने के लिए मजबूर किया। एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि हमारे सभी सैन्य अड्डे और सभी उपकरण और प्रणालियां चालू हैं और जरूरत पड़ने पर अपने अगले मिशन के लिए तैयार व तत्पर हैं। एक सवाल के जवाब में एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा, मैं आपको रामचरित मानस की कुछ पंक्तियां याद दिलाऊंगा, याद कीजिए वह पंक्तियां- विनय न माने जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति,

बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।
समझदार को इशारा काफी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'बम' 'शैतान' 'साँस' 'गजल'

गिरेंगे बम तो सुधरेंगे, वो सब शैतान दहशतगर्द,
ये बातें बस नशे में या गजल में अच्छी लगती हैं।
थे हमले इस कदर गहरे,उसे बस साँस लेना है,
ये बातें सच्ची हैं बाबा,गजल में अच्छी लगती हैं।

### शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
**श्री घनश्याम नामदेव (मुन्ना चाट वाले)**
पुत्र स्वर्गीय श्री इन्द्रसेन पलड़ा वाले
का स्वर्गवास दिनांक 4/05/2025, दिन-रविवार
को हो गया है । प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी ।

**रस्म पगड़ी एवं शोक सभा**
दिनांक 14 मई 2025, दिन-बुधवार
को अपराहन 2:00 बजे,
स्थान : धर्मशाला मंगलापुरी मंडी, शाहपुर,
मुजफ्फरनगर पर होनी सुनिश्चित हुई है।
हवन प्रात: 8:00 बजे (निज निवास)

**शोकाकुल परिवार**
शिवांक नामदेव (पुत्र) मो. 7409247673
प्रमोद नामदेव (भाई)
अनुज नामदेव (भाई)
राजू नामदेव (भाई)
सोनू नामदेव-अध्यक्ष, श्री नामदेव समाज शाहपुर (भाई) 9719437004

## युद्ध कोई रोमांटिक बॉलीवुड फिल्म नहीं, सीजफायर को लेकर पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवाणे का अहम बयान



**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय सेना प्रमुख सेवानिवृत्त जनरल मनोज नरवणे ने उन लोगों की आलोचना की है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सवाल उठा रहे हैं और पाकिस्तान के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने की वकालत कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि युद्ध कोई रोमांटिक बॉलीवुड फिल्म नहीं है। रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान नरवणे ने कहा कि अगर उन्हें आदेश मिलता, तो वे जरूर युद्धभूमि में जाते, लेकिन कूटनीतिक स्तर पर बातचीत के जरिए मुद्दा सुलझाना उनकी पहली प्राथमिकता होता। इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवाणे ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग लड़ाई के चलते सदमे में हैं। खासकर बच्चे, जो बमबारी की वजह से रातें बंकरों में बिताने के लिए मजबूर हैं। नरवाणे ने कहा कि जिन लोगों ने लड़ाई में अपनों को खोया है, उसका सदमा अब पीढ़ी दर पीढ़ी रहेगा। एक पीटीएसडी (पोस्ट ट्रोमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर) नामक समस्या के चलते पीड़ित लोग 20 साल बाद भी घबराहट और चिंता का शिकार रहते हैं। ऐसे लोगों को कई बार मनोचिकित्सक की मदद लेनी पड़ती है।

## श्यामा श्याम मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ



**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व सोमवार प्रातः अग्रवाल परिवार के सान्निध्य में अन्नू अग्रवाल आदि द्वारा संपन्न पूजा-अर्चना के बाद मंगल कलश लेकर 251 महिलाओं के साथ श्री श्यामा श्याम मंदिर प्रांगण से गांधीनगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा में शामिल हुई। इस मंगल कलश यात्रा के साथ मंदिर प्रांगण में कथा वाचक पंडित गोविंद बृजवासी महाराज जी के मुखारविंद से श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया। गांधीनगर मंदिर प्रांगण में शुरू हुई श्रीराम कथा में व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित गोविंद बृजवासी महाराज के मुखारविंद से प्रारंभ श्रीराम कथा 20 मई तक प्रति दिन अपराह्न 03 बजे से सायं 6:30 बजे तक की जाएगी। श्रीराम कथा के प्रथम दिन महाराज जी ने बताया कि श्रीराम कथा असत्य पर सत्य की विजय, संस्कार और त्याग की कथा है, जिसे सभी को सुनना ही चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से पंडित हंसराज भारद्वाज, हरीश गोयल, ललित अग्रवाल, अभय शंकर उपाध्याय, कुलदीप शर्मा, संजय गर्ग, राकेश सिंघल, पं. जगमोहन भारद्वाज, अमरनाथ, विशाल गर्ग, संजय गर्ग, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, निशांत गर्ग, देवी प्रसाद मिश्रा, नवनीत गुप्ता, मयंक, मनोज अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, चंद्र प्रकाश, विनीत गर्ग, विपुल गुप्ता, निशांत गर्ग, महेश एड. आदि का सहयोग रहा।

## यूपी के शहरों में अवैध पार्किंग पर लगेगा भारी जुर्माना, कैबिनेट से मंजूरी के बाद नियम जारी



**लखनऊ, 12 मई (एजेंसी)।** नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से शहरों में अब अवैध पार्किंग का धंधा मनमाने ढंग से नहीं चलने दिया जाएगा। पार्किंग के लिए जारी नए नियमों में अवैध पार्किंग का धंधा करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। नगर निगम सीमा में अवैध पार्किंग ठेका चलाने वालों को अब न्यूनतम 5000 रुपये जुर्माना देना होगा। बता दें कि प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद नगर विकास विभाग ने शहरी क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग के लिए नई नियमावली जारी की है। पहले चरण में नगर निगम वाले शहरों में इस नियमावली को लागू किया गया है। इसमें जहां लोगों को बेहतर पार्किंग की सुविधा देने की व्यवस्था है, वहीं अवैध पार्किंग का धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं। उप्र नगर निगम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर 5000 रुपये न्यूनतम जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया है। यह भी देखा जाएगा कि अवैध पार्किंग उस जगह पर कितने दिनों से चल रही है। उसको अवैध पार्किंग से कितनी कमाई हुई होगी, इस आधार पर जुर्माना वसूला जाएगा। जरूरत पड़ी तो अवैध पार्किंग चलाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। इसके साथ ही लाइसेंस लेकर पार्किंग चलाने वाला यदि नियमों का उल्लंघन करता है और उसका भी लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनी समिति का यह काम होगा कि एक टीम बनाकर शहर में बने पार्किंग स्थलों का भ्रमण कराए। इस दौरान आम लोगों से फीड बैक भी लिया जाएगा।

## मुखबिरी के शक में फोन पर दी हत्या की धमकी

**बुढ़ाना, 12 मई (बु.)।** मुखबिरी के शक में मोबाइल फोन पर एक ग्रामीण को हत्या की धमकी दी गयी है। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर मिलते ही उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को धमकी की दो ऑडियो भी सौंपी गयी हैं, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी रवि कुमार पुत्र शोभाराम कश्यप ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसको गांव का ही भीम उर्फ अश्वनी कश्यप पुत्र सहम्बर कश्यप जोकि एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति हैं, आये दिन बिना बात ही जान से मारने की धमकी देता रहता है। पूछताछ के लिए जब भी इसको पुलिस किसी केस में उठाकर ले जाती है, तो यह मेरा नाम ही लेता है कि तूने मुखबिरी करके उसे पकड़वाया है और मेरे साथ गाली-गलौच करता रहता है। बीते दिन पुलिस इसे कहीं से पकड़कर ले गयी, तो अगले दिन यह उसके घर पर आकर गाली-गलौच करने लगा। उस वक्त वह अपने घर पर मौजूद नहीं था। फिर इसने उसे फोन पर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को जान से मारने की धमकी के दो ऑडियो भी सौंपे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर का चेहरा बनीं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के लिए जब टीचर ने की थी गजब भविष्यवाणी



**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)।** कई साल पहले जब व्योमिका छोटी थीं और उनके स्कूल का आखिरी दिन था, तो वह दिल्ली के अपने सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्टाफ रूम के बाहर लाइन में खड़ी थीं और टीचर्स से ऑटोग्राफ लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। यह उस वक्त एक परंपरा थी, सभी बच्चे स्कूल खत्म होने से पहले अपनी टीचर्स का एक आखिरी मैसेज यादगार के रूप में सहेजते थे, जिन्होंने उन्हें बढ़ा होते हुए देखा है। इस दौरान जब व्योमिका की हिंदी की टीचर नीलम वसान की बारी आई तो उन्होंने लिखा, "तुम व्योम को छूने के लिए बनी हो..." उस वक्त वसान ने भी नहीं सोचा था कि उनके ये शब्द सच हो जाएंगे। भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भारत सरकार ने उन दो महिलाओं में चुना था, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया ब्रीफिंग की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत सरकार ने सेना की मदद से ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था, जिसमें पाकिस्तान के 09 आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया गया। बता दें कि व्योमिका सिंह ने 1998 में सेंट एंथनी से ग्रेजुएशन किया था और इसके बाद उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग की थी। उनकी इंग्लिश की टीचर ज्योति बिश्ट ने बताया कि व्योमिका अंग्रेजी और हिंदी दोनों में ही बेहद अच्छी थी। वह बहुत टैलेंटेड थीं और हमेशा से ही बहुत हंबल रही हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि बास्केटबॉल भी बहुत अच्छा खेलती हैं।

## भांजे के प्रेम में चार बच्चों को छोड़कर फरार हुई महिला



**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** मीरापुर कस्बे से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विवाहित महिला अपने ही भांजे के साथ प्रेम संबंध के चलते घर छोड़कर फरार हो गई। महिला चार बच्चों की मां है और इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया है। पीड़ित पति के अनुसार, उसकी पत्नी बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक घर से लापता हो गई। काफी देर तक इंतजार के बाद जब वह नहीं लौटी, तो पति ने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। थक-हारकर पति ने मीरापुर थाने में पहुंचकर महिला के भांजे के खिलाफ तहरीर दी है। उसका आरोप है कि भांजे ने उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। इस घटना से उसका परिवार बिखर गया है और चार छोटे-छोटे बच्चे मां की गैरमौजूदगी से बेहद परेशान हैं। मामले की तहरीर मिलने के बाद मीरापुर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## रामभक्तों को बड़ी राहत, राम मंदिर के पास बनेगा 18 करोड़ का आधुनिक यात्री निवास



**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)।** रामलला के दर्शन को आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण अब मंदिर के पास ही एक ऐसा यात्री निवास बना रहा है, जहां 100 से ज्यादा लोग एक साथ ठहर सकेंगे। रूपये 18 करोड़ की लागत से बन रही इस सुविधा में आधुनिक कमरे, डॉरमिट्री और सुंदर गार्डन भी शामिल होंगे। राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने आ रहे लाखों श्रद्धालुओं को अब ठहरने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने टेढ़ी बाजार-दुराही कुआं मार्ग पर नया यात्री निवास बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। कुल 17.75 करोड़ रुपये की लागत से यह दो मंजिला भवन डेढ़ साल में तैयार किया जाएगा। यहां एक साथ 100 से ज्यादा लोग आराम से ठहर सकेंगे। सभी कमरे और डॉरमिट्री वातानुकूलित होंगी। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद से भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन आसपास ठहरने के लिए सीमित विकल्प ही हैं। इसी जरूरत को देखते हुए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने यात्री निवास की योजना बनाई है। इस भवन में 49 कमरे और 29 डबल बेड डॉरमिट्री होंगी। साथ ही परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए गार्डन और लैंडस्केपिंग भी होगी। अधिकारियों का कहना है कि यात्री निवास का निर्माण काम 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। दरअसल अयोध्या में सिर्फ यात्री निवास ही नहीं, बल्कि मंदिर क्षेत्र के चारों तरफ बुनियादी सुविधाएं तेजी से बढ़ाई जा रही हैं। रामकोट क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स बन रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को वाहन खड़ा करने में दिक्कत न हो। बेगमपुरा क्षेत्र में नया सर्किट हाउस भी तैयार किया जा रहा है। वहीं, रामकथा पार्क के बगल में वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों के लिए आलीशान राज्य अतिथि गृह बनने जा रहा है। इसके अलावा सुरक्षाबलों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। तुलसी कन्या इंटर कॉलेज के पास ट्रांजिट हॉस्टल तैयार है और एसटीएफ ऑफिस का निर्माण तेजी से चल रहा है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब बेहतर सुविधाएं मिलने वाली हैं। यूपी सरकार और केंद्र सरकार मिलकर अयोध्या को धार्मिक पर्यटन का मॉडल शहर बनाने में जुटी है। पहले जहां सिर्फ मंदिर ही केंद्र था, अब आसपास के इलाकों में भी आधुनिक विकास हो रहा है। नयाघाट क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने पुराने डाक बंगले का जीर्णोद्धार करवाया है। वहीं, स्थानीय बाजारों और सड़कों का कायाकल्प हो रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को रास्ते में कोई परेशानी न हो।

## गर्मी ने बढ़ाई चिंता, सड़कों से बाजारों तक पसरा सन्नाटा

### - धूप में घर से बाहर निकलने, खानपान में एहतियात की सलाह

**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** मौसम में जारी बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में गर्मी की दस्तक के बीच दिन में घरों से बाहर निकल पाना लोगों को मुश्किल होने लगा है। हालांकि कई दिनों में तापमान में जारी उतार-चढ़ाव के बीच राहत की उम्मीद और बादलों के यूं ही आसमान में छाने से कुछ राहत मिलने का क्रम भी जारी है। दिन में तेज धूप और लू के थपेड़ों के चलते दोपहर में ऐसे में सड़कों के साथ बाजारों में सन्नाटा पसरने का क्रम बढ़ने लगा है। वहीं बीते 5 दिनों से गर्मी की तपिश से घर से बाहर निकलने वाले लोगों को बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को घरों से बाहर निकलने से पूर्व पूर्ण सतर्क रहने और तरल पदार्थों का सेवन करते रहने की सलाह भी दी गई है। दिल्ली-एनसीआर के साथ ही वेस्ट यूपी में मई माह में जून की गर्मी का अहसास करा दिया है। बीते कई दिनों से जारी भीषण गर्मी के बीच सोमवार सुबह से तेज धूप के साथ लोगों ने भीषण गर्मी की समस्या से भी जूझने को विवश कर दिया। दोपहर 12 बजे ऐसे में आसमान से सूर्य की तपिश के चलते धूप इतनी तेज हो गई कि सड़कों पर चलना लोगों के लिए दूभर हो गया। ऐसे में महिला और पुरुष जरुरी कार्यों के लिए सड़कों पर अपने मुंह को कपड़ों में कवर करने को विवश कर दिया। गर्मी के कहर के चलते ऐसे में नगर की सड़कों से मुख्य बाजारों तक दोपहर एक बजे से 3 बजे के बीच निकल पाना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में लोगों को शहर की सड़कों के साथ ही मुख्य बाजार शिवचौक, भगत सिंह रोड, अंसारी रोड, महावीर चौक, प्रकाश चौक तक हर ओर सन्नाटा सा पसरा रहा। ऐसे में घरों में मौजूद लोगों को गर्मी से इस बीच राहत पाने के लिए पानी से नहाने, पंखे, कुलर और एसी का सहारा लेने को विवश होना पड़ा। गली-मौहल्लों में कई जगह सड़क पर बच्चे पानी से खेलते और नहाते दिखाई दिए। सोमवार को मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में जहां अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25-5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो बीते दिवस 37.1 डिग्री और 24.8 डिग्री दर्ज किया गया था। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी की शुरू दस्तक के बीच भविष्य में पेट की बीमारी, दस्त और उल्टी आदि के मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका भी व्यक्त की गई है। उनका कहना है कि गर्मी के दिनों में शीतल पेय की अधिकता और खाने पीने से लेकर आवागमन की दिनचर्या में बदलाव नहीं होने से मरीजों की संख्या बढ़ सकती है।

## 19 जिलों में हीटवेव की चेतावनी; पारा पहुंचा 40 डिग्री पार; 16 मई से तराई में बूंदाबांदी का अलर्ट



**लखनऊ, 12 मई (एजेंसी)।** बीते दो दिनों से यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रकोप बढ़ा है। दोपहर की रूखी हवाओं और तपिश भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। 14 मई में 19 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 मई से तराई इलाकों में बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने 14 मई से प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाके के 19 जिलों में लू के थपेड़े चलने की चेतावनी जारी की है। इस बदलाव से प्रदेश के बाकी हिस्सों के भी लू के चपेट में आने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में तापमान के 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार को प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज आदि जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार चला गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्वी तराई हिस्सों में 14 मई से लू चलने की संभावना है। इसके बाद लू का प्रसार प्रदेश के बाकी हिस्सों तक पहुंचेगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 16 मई से प्रदेश के तराई इलाके में चक्रवाती परिसंचरण विकसित हो रहा है। इसके असर से तराई में तीन से चार दिनों के लिए फिर से मौसम बदलेगा और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के संकेत हैं।



## सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट किया वीडियो, रोते हुए नजर आया युवक

**बरेली, 12 मई (एजेंसी)।** बरेली में पाकिस्तान के समर्थन में वीडियो पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम मोहम्मद साजिद है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद देवरनिया थाना पुलिस ने दविश देकर उसे घर से दबोच लिया। आरोपी युवक का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वह पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहा है। पुलिस को जांच पता लगा है कि साजिद दर्जी का काम करता है। उसके मोबाइल में कई भड़काऊ वीडियो मिले हैं। जानकारी के मुताबिक देवरनिया क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी साजिद ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कुछ युवक झंडा लहराते हुए पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते देख रहे हैं, यह वीडियो पाकिस्तान का बताया गया है। इस पोस्ट से हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिमांशु पटेल नाम के युवक ने मामले की शिकायत एक्स पर पुलिस से की। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लिया। थाने के एसएसआई नवदीप कुमार ने साजिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का एक वीडियो सामने आए, जिसमें वह रोते देखा जा रहा है। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगा रहा था। पुलिस का कहना है कि विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा। शीशगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम गुलड़िया निवासी गुलाम रसूल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की। उसकी पोस्ट वायरल होने पर जिला पंचायत सदस्य ने एक्स की शिकायत पुलिस से की। पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## फेक आईडी बना परिचितों से मांग रहा है रकम

**बुढ़ाना, 12 मई (बु.)।** एक अज्ञात ठग कस्बे के एक शिक्षक की फेक आईडी बनाकर उनके परिचितों से रकम मांग रहा है। शिक्षक ने बुढ़ाना कोतवाली में अज्ञात ठग के विरुद्ध तहरीर देकर बुढ़ाना पुलिस से कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के शिक्षक सुशील सैनी ने सोमवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने कई वर्षों से फेसबुक आईडी बना रखी है। अब किसी अज्ञात ठग ने उसकी एक फेक फेसबुक आईडी पर अपना फोटो लगा लिया है और उनसे जुड़े लोगों से सुशील सैनी बनकर रकम की मांग कर रहा है। बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झांसी मेडिकल कॉलेज: बेटा खून की बोतल लिए भटकता रहा, पिता खींचता रहा स्ट्रेचर, 5 कर्मचारी सस्पेंड !



**लखनऊ, 12 मई (एजेंसी)।** झांसी मेडिकल कॉलेज में मानवता को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई है। मध्य प्रदेश के छतरपुर की रहने वाली शकुंतला नामक महिला को पेट में तकलीफ के चलते 3 मई को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जांच में आंतों में संक्रमण पाया गया और खून की कमी भी थी, जिसके चलते 8 मई को उन्हें खून चढ़ाया गया। खून की बोतल पूरी चढ़ भी नहीं पाई थी कि महिला को एक्सरे के लिए रेडियोलॉजी विभाग ले जाने के लिए कहा गया। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल से कोई भी वार्डबॉय या कर्मचारी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया। मजबूरन, महिला के पति राजू नायक को खुद स्ट्रेचर खींचना पड़ा, जबकि उनका करीब नौ साल का मासूम बेटा सौरभ नायक हाथ में खून की बोतल पकड़े उनके साथ-साथ चलता रहा। यह हृदयविदारक दृश्य किसी ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और रविवार दोपहर करीब 4:00 बजे यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फोटो वायरल होते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मामले की जांच की गई और प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए पांच कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। सिस्टर इंचार्ज और स्टाफ नर्स का वेतन रोक दिया गया है और दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा, दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, जबकि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजय कुमार वर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि वर्मा आये दिन मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को तंग व परेशान करते रहते हैं तथा मेरी कोई भी बात मानने के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए मैंने अपने पुत्र अजय कुमार वर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि वर्मा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा व मेरे अन्य परिवार से अजय कुमार वर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि वर्मा का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

**रमेश कुमार वर्मा**
पुत्र स्व. श्री किशनलाल वर्मा
166/2 रामपुरी, थाना कोतवाली
नगर, जिला-मुजफ्फरनगर

## पाकिस्तानी आर्मी ने दिया आतंकियों का साथ, भारतीय सेना का कड़ा संदेश भय बिन होय न प्रीति

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के जारी तनाव के बीच भारतीय सेनाओं की तीनों विंग के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों (डीजीएमओ) ने लगातार दूसरे सोमवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से जानकारी देने के साथ पड़ोसी देश पाकिस्तान को एक सख्त संदेश भी दिया गया। प्रेस वार्ता की शुरूआत दिनकर की कविता कृष्ण की चेतावनी याचना नहीं अब रण होगा, जीवन-जय या कि मरण होगा से हुई। इससे पहले रविवार को प्रेस वार्ता शिव तांडव स्तोत्र से शुरू हुई थी। एक सवाल के जवाब में भारतीय वायुसेना के डीजी ऑपरेशंस एयर मार्शल भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उद्धरण देते हुए कहा, भय बिन होय न प्रीति यह संदेश हमारे पड़ोसी देश के लिए है। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की यह कार्रवाई पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ थी। एयर मार्शल एके भारती ने कहा, हमारी लड़ाई आतंकियों से है, न कि पाक सेना से। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों का साथ देना चुना और उनके समर्थन में लड़ाई छेड़ दी। ऐसे में जो भी नुकसान पाकिस्तान को हुआ, उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह उसी की है। एयर मार्शल भारती ने कहा कि भारत के पुराने, लेकिन विश्वसनीय हथियारों ने इस लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आकाश एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए पाकिस्तान के भेजे गए ड्रोन्स को नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल और चीनी ड्रोन्स को भी सफलतापूर्वक मार गिराया गया। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय एयरफील्ड्स पर किए गए हमले भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने विफल रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सभी एयरफील्ड्स सुरक्षित हैं, जबकि पाकिस्तान के एयरफील्ड्स को हमने निष्क्रिय कर दिया है। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना ने भी ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई। हमारे एयरक्राफ्ट्स लगातार समुद्री सीमा पर नजर रख रहे हैं और किसी भी दुश्मन जहाज को हमारी सीमाओं के पास नहीं फटकने दिया गया।



## सीमापार से गोलाबारी में घायल बीएसएफ का एक और जवान शहीद

**जम्मू 11 मई (वार्ता)** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक और जवान रविवार को उस समय शहीद हो गया जब यहां एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। बीएसएफ जवान आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा पार से हुई गोलाबारी में गंभीर रूप से घायल हो गया था। बीएसएफ जम्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हम राष्ट्र की सेवा में बीएसएफ के बहादुर कांस्टेबल (जीडी) दीपक चिमंगखम द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। बीएसएफ के महानिदेशक और सभी रैंक के अधिकारी उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।'' पोस्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि 10 मई को जिला जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा पार से हुई गोलीबारी के दौरान जवान को घातक चोटें आयी और 11 मई को उनकी शहादत हो गयी। उनका पूरे सम्मान के साथ पुष्पांजलि समारोह सोमवार को फ्रंटियर मुख्यालय जम्मू, पलौरा में होगा।

## बरेली में सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में वीडियो पोस्ट, एक गिरफ्तार

**बरेली (उत्तर प्रदेश) 12 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने देवरनिया थाना क्षेत्र से गिरधरपुर गांव निवासी साजिद पकड़ा गया है। उसने फेसबुक पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखते हुए वीडियो पोस्ट किया जिसमें पाक झंडा लहराते और लोग जश्न मनाते दिख रहे थे। बहेड़ी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिह ने सोमवार दोपहर पत्रकारों को बताया कि आरोपी साजिद के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी बाद वही साजिद, जो पाकिस्तान समर्थन में वीडियो बना रहा था, अब थाने में ''पाकिस्तान मुर्दाबाद'' नारे लगा रहा है। मामले की गहराई में जाएं तो साफ समझ आता है कि ये कोई सामान्य सोशल मीडिया पोस्ट नहीं था, बल्कि एक पूर्व-नियोजित और भड़काऊ साजिश थी, जिसका मकसद समाज में जहर घोलना और धार्मिक विद्वेष फैलाना था।

## सोशल मीडिया पर मोदी की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाला भेजा गया जेल

**बदायूं 12 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं के थाना उसहैत क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपत्तिजनक फोटो एडिट कर पोस्ट बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा उसहैत के वार्ड नं० 06 के रहने वाले व्यक्ति रईस अहमद पुत्र गुलाम नबी ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एकाउन्ट से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो को अभद्र रूप से एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की थी। जिसके विरुद्ध थाना उसहैत पर उचित धाराओं में मामला पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी कर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जिला कारागार भेज दिया गया है। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनी हुई है'।

## एसएमएस स्टेडियम को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर 12 मई (वार्ता)** राजस्थान के जयपुर में सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस) को बम से उड़ाने की फिर धमकी मिली हैं। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने स्टेडियम को खाली कराया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने आज खेल परिषद कार्यालय में ईमेल भेजकर एसएमएस स्टेडियम को बम से उडाने की धमकी दी गयी। खेल परिषद के अधिकारियों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी। इसके बाद पुलिस टीम एवं बम निरोधक दस्ता तथा अन्य टीमें एमएसमएस स्टेडियम पहुंची एवं स्टेडियम को खाली कराया गया तथा सर्च अभियान शुरू किया। पुलिस के अनुसार स्टेडियम को बम से उड़ाने की मिली धमकी के बाद चलाये गये तलाशी अभियान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है फिर भी ऐहतियात के तौर पर पुलिस एसएमएस स्टेडियम को पूरी तरह सील कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गत आठ मई को भी खेल परिषद को ईमेल के जरिए एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## महोबा : सीएनजी वैन में सिलेंडर फटने से 8 झुलसे

**महोबा 12 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में रविवार की रात सीएनजी वैन में गैस सिलेंडर फटने से उसमें सवार आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की हालत बेहद नाजुक होने पर सभी को उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज भेजा गया है। पुलिस उप अधीक्षक कुलपहाड हर्षिता गंगवार ने बताया कि तेइया गांव के निकट हुये हादसे में मारुती वैन मुहारी गांव से बारात लेकर मउरानीपुर जा रही थी,तभी तेज रफ्तार कार में अचानक आग लग गई। चलती हुयी गाड़ी में आग लगने से कार का चालक घबरा गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार लोग आग से बुरी तरह झुलस गए. खबर पाकर आनन-फानन में पहुंची पुलिस की पीआरवी टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कार सवारों को बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि घटना में रमेश पुत्र रामसेवक, रोहित पुत्र दुर्जन, रामसेवक पुत्र मन्नू, शनि पुत्र उमाशंकर, विपिन राजपूत पुत्र केशव चंद्र राजपूत, जगत सिह पुत्र अच्छे लाल, जय हिंद पुत्र नंदराम समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सी एच सी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू की है। प्राथमिक जांच में गाड़ी में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# 18 आउटसोर्सिंग परिचालकों की रोडवेज डिपो से हुई छुट्टी




**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने ड्यूटी के प्रति उदासीन चल रहे डिपो के डेढ़ दर्जन परिचालकों के विरुद्ध कड़े कदम उठाते हुए उन्हें डिपो की आउटसोर्सिंग जन शक्ति सूची से हटाते हुए सेवा प्रदाता कंपनी को वापस भेज दिया है। मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो में हुई इस कार्रवाई से

### लंबे समय तक गैर हाजिर चलने के कारण लिया गया निर्णय

ड्यूटी के प्रति उदासीन कर्मचारियों में हड़कंप मचा दिया है। सोमवार को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सिन्हा की ओर से जारी आदेश में रोडवेज डिपो के 18 परिचालकों को बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया गया है। वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी की प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो में की गई इस कार्रवाई से आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे आलोक कुमार, अंकित कुमार, अनुराग बिक्रम, अशरफ अली, अशोक कुमार, अवनीश कुमार, बिट्टू कुमार, दीपक-12, धर्मेन्द्र सिंह-9, हिमांशु कौशिक, मान सिंह, नितेश कुमार, प्रताप सिंह, प्रकाश चन्द्र, राजवीर सिंह, सरदेश कुमार, शाकिर अली और उमेश प्रजापति को बीते कई माह से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के चलते हटा दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इन परिचालकों के द्वारा तमाम बुलावा पत्रों की अनदेखी के चलते रोडवेज संचालन में जारी व्यवधान और निगम की छवि खराब होने की स्थिति में कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग परिचालकों का नाम डिपो की जन शक्ति सूची से हटाते हुए इन्हें सेवा प्रदाता एजेंसी मै. एसएस इंटरप्राइजेज को वापस भेजने के आदेश पारित कर दिए गए हैं।

# पचास हजार रुपये चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, सौलह हजार की नकदी बरामद



**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)। 7 मई की रात एटूजेड रोड पर मार्बल के शोरूम से एक चोर द्वारा पचास हजार रुपये की नकदी व कागजात चोरी कर लिये गए थे, जिसकी रिपोर्ट शोरूम स्वामी नितिन मित्तल निवासी कम्बल वाला बाग ने शनिवार को नई मण्डी कोतवाली में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने उक्त मामले में जांच शुरू कर दी थी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला था, जिसमें एक आरोपी दिखाई दे रहा था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली हे और उसे पकड़ने के लिए अपनी टीम लगा दी है। नई मण्डी प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को उन्हें सूचना मिली कि मार्बल के शोरूम पर चोरी करने का आरोपी आयुष बालियान निवासी अंकित बालियान गौतमबुद्धनगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में गौर सिटी टावर में छिपा हुआ है। इसी सूचना के आधार रविवार को पुलिस ने वहां दबिश दी और आयुष को वहां से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आयुष ने स्वीकार किया कि उसने मित्तल मार्बल शोरूम से 33 हजार की नकदी सहित उनका पैन कार्ड व आधार कार्ड चोरी कर लिया था। वारदात के बाद कुछ रुपये वह अपने साथ ले गया और कुछ रुपये और कागजात शोरूम के पास स्थित एक खेत में छिपा दिए थे। सोमवार को पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर 16 हजार रुपये, वादी का पैन कार्ड व आधार कार्ड बरामद करने के बाद उसे जेल भेज दिया।**

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर अरमान लंगड़ा हुआ





**शाहपुर, 12 मई (बु.)।** शाहपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जयसिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अरमान नाम के शातिर बदमाश को मुठभेड़ में पैर से लंगड़ा घायल कर गिरफ्तार किया, पुलिस ने इसके कब्जे से तमंचा कारतूस बाइक भी बरामद की, बदमाश पर लूट रंगदारी जैसे गंभीर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह भाटी ने देर रात बुलेटिन को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि शाहपुर धनायन मार्ग पर बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो संदिग्ध बाइक सवारों को रोकना चाहा जिस पर उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी तथा मोटरसाइकिल छोड़कर खेत में घुस गए पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए एक अपराधी कसेरवा निवासी अरमान को गिरफ्तार कर लिया पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया उसके कब्जे से तमंचा , कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस उसके फरार साथी की तलाश में लगी है गिरफ्तार बदमाश पर लूट एवं रंगदारी जैसे दर्जनों मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेंद्र सिंह मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। गिरफ्तार बदमाश शाहपुर थाने का नामचीन हिस्ट्रीसीटर भी है तथा अरमान पर पुलिस ने 10000 का इनाम घोषित किया हुआ था।

## लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए पिता के खिलाफ कोर्ट पहुंचा 8 साल का बेटा

महाराष्ट्र, 12 मई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे में आठ वर्षीय लड़की को मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा ?32.41 लाख का मुआवजा दिया गया, जब उसने अपनी दादी के माध्यम से कानूनी अभिभावक के रूप में अपने पिता के खिलाफ याचिका दायर की, जो दिसंबर 2021 में एक कार दुर्घटना के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें उसकी मां की मौत हो गई थी। दुर्घटना तब हुई जब परिवार नांदेड़ से उमरखेड़ जा रहा था और पिता द्वारा चलाई जा रही कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसकी मां को घातक चोटें आईं। न्यायाधिकरण ने पिता को लापरवाह पाया और उसे दुर्घटना के लिए उत्तरदायी ठहराया। मृतक की मासिक आय, भविष्य की संभावनाओं, आश्रितता की हानि और अंतिम संस्कार के खर्चों को ध्यान में रखते हुए कुल मुआवजे की गणना रूपये 64.82 लाख की गई। चूंकि पिता ही दोषी व्यक्ति था, इसलिए न्यायाधिकरण ने कुल राशि का 50% - रूपये 32.41 लाख - नाबालिग बेटी को देने का आदेश दिया, जिसमें याचिका दाखिल करने की तिथि से लेकर वसूली तक 8% वार्षिक ब्याज भी शामिल है।

# हरियाणा पुलिस ने डाला खालापार में डेरा

**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** दो दिन से हरियाणा पुलिस ने खालापार क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। बताया जाता है कि हरियाणा पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों के घरों पर दबिश देने के लिए यहां ठहरी हुई है, मगर अभी अभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाए हैं। हालांकि पुलिस आरोपियों के रिश्तेदारों तक पहुंच चुकी है और उन्हे चेतावनी भी दे चुकी है कि यदि उन्होंने आरोपियों को जल्द ही पुलिस के सुपुर्द न किया तो उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जा सकता है। माना जा रहा है कि इस खुलासे के बाद मादक पदार्थों की तस्कारी का बड़ा मामला सामने आने की सम्भावना है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने रविवार को बताया कि हरियाणा के यमुनानगर थाने की पुलिस ने थाने में आकर आमद दर्ज कराई थी और बताया था कि एनडीपीसी एक्ट का आरोपित आकिब निवासी छप्पर वाली मस्जिद के पास अम्बा विहार की उनको तलाश है। उन्होंने बताया, थाने में आमद दर्ज कराने के बाद यमुनानगर के इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर अम्बा बिहार में आकिब के घर दबिश दी, परन्तु वह नहीं मिला। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए यमुनानगर थाने की पुलिस उनके परिवार वालों पर दबाव भी बना रही है, लेकिन आकिब के परिवार वाले मदद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया, अभी यमुनानगर पुलिस आकिब की तलाश में खालापार थाना क्षेत्र के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है।

## पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, एक ही रात में 104 आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह चलाया जा रहा है, जिसके चलते पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ही रात में 104 अलग-अलग आरोपितों को गिरफ्तार किया है, वहीं 184 विवेचनाओं का निस्तारण भी किया गया। आपको बता दें कि पिछले चार दिनों में पुलिस ने 9 मुठभेड़ कर 11 बदमाश घायल किये हैं। हाल ही में आए एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आदेश पर चल रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के अन्तर्गत एक ही रात में 95 वारंटियों को गिरफ्तार, 16 आरोपितों को वारंट तामील कराए तथा 6 रिकॉल किये। अभियान के दौरान पुलिस को 3 आरोपित मृत पाए गए। इसी तरह पुलिस ने 9 वांछितों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान पुलिस ने 184 विवेचनाओं का निस्तारण किया। आपको बता दें कि यह अभियान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में चलाया गया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# महोबा:पांच सौ साल पुराने मंदिर में अष्टधातु की तीन मूर्तियां चोरी



**महोबा 12 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में स्थित पांच सौ साल पुराने एक मंदिर से रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा करोड़ो रूपये कीमत की अष्टधातु की तीन मूर्तीयां चोरी कर लिए जाने से हड़कंप मचा है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि पहरा गांव में सघन बस्ती के निकट स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में बदमाशों ने वारदात को मध्य रात्रि में अंजाम दिया । ज़ब गांव में चारो ओर सन्नाटा पसरा था ओर मंदिर के पुजारी भरत दास अपने कमरे में सो रहे थे। कहा जा रहा है कि चोर मंदिर से सटे पेड़ में चढ़ कर रस्सी के सहारे नीचे आंगन में उतरे । उन्होंने पुजारी को किसी नशीली वस्तु के सहारे बेहोश कर दिया और मंदिर में स्थापित राम जानकी एवं लक्ष्मण की मूर्तीयां चोरी करके ले उड़े। बदमाशों ने चोरी करके वापस जाते समय मुख्य द्वार का उपयोग किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी ग्रामीणों को सोमवार सुबह पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचने पर हुयी। श्रद्धालु मंदिर में देव प्रतिमाएं गायब देख सकते में आ गए, उधर पुजारी को भी अपने कमरे में अचेत पड़ा पाकर मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गयी। प्राथमिक उपचार के बाद पुजारी भरत दास को होश में लाया गया। पुजारी के अनुसार चोरी गयी मूर्तीयां अष्टधातु निर्मित डेढ़ से दो फीट ऊंचाई की ओर करीब दस किलो ग्राम वजन के आसपास थी,जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत कोई 20 करोड़ रूपये आँकी जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है।

## हरिद्वार में बुद्ध पूर्णिमा पर 8 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**हरिद्वार, 12 मई (एजेंसी)।** धर्मनगरी हरिद्वार में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। गंगा स्नान करने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरकी पैड़ी पहुंचे और गंगा स्नान कर पूजन किया। बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व पर 8 लाख श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में गंगा के अलग-अलग घाटों में स्नान किया, जिसके बाद सभी अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। मान्यता है कि आज ही के दिन बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। आज ही बुद्ध का महानिर्वाण भी हुआ था। पौराणिक मान्यता के अनुसार आज ही के दिन भगवान कृष्ण ने सुदामा को विनायक उपवास रखने का महत्व बताया था और भगवान ने नृसिंह अवतार लिया था। बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर पूजन करने से असीम पुण्य का लाभ मिलता है। वहीं, हरिद्वार में गंगा स्नान को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा कड़े प्रबंध किए गए हैं। पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि आज भगवान नारायण के अवतारों में से नवम अवतार बुद्धावतार का दिन है।

# सांप के जहर और ड्रग्स के इस्तेमाल मामले में एल्विश यादव को हाईकोर्ट से लगा जोर का झटका धीरे से



**प्रयागराज, 12 मई (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट से यूट्यूबर एल्विश यादव जोर का झटका लगा है। अदालत ने उसकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में दर्ज आरोप पत्र के खिलाफ दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि यूट्यूब वीडियो बनाने के लिए सांपों और सांप के जहर का दुरुपयोग किया गया है। उनके खिलाफ रेव पार्टियों का आयोजन करने और विदेशियों को बुलाने के आरोप भी शामिल है, जो लोगों को सांप के जहर और अन्य नशीली दवाओं का सेवन कराते हैं। बताते चले कि एल्विश यादव के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9, 39, 48 ए, 49, 50 और 51 और आईपीसी की धारा 284, 289 और 120 बी और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8, 22, 29, 30 और 32 के तहत थाना सेक्टर-49 नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर में दर्ज एफआईआर में आरोप पत्र दायर किया गया है। (प्रथम) अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्धनगर द्वारा समन आदेश भी जारी किया गया है। इस मामले को खारिज करने के लिए इल्विश यादव के तरफ से यह दलील दी गई है कि आवेदक से कोई सांप, मादक या मनःप्रभावी पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। अंत में, यह दलील दी गई है कि आवेदक और अन्य सह-अभियुक्तों के बीच कोई कारण संबंध स्थापित नहीं किया गया है। इल्विश यादव के तरफ से दलील दी कि हालांकि सूचक अब पशु कल्याण अधिकारी नहीं है, फिर भी उसने स्वयं को पशु कल्याण अधिकारी बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। इसके अलावा, यह दलील दी गई थी कि, यह एक सर्वविदित तथ्य है कि आवेदक एक प्रभावशाली व्यक्ति है और टेलीविजन पर कई रियलिटी शो में दिखाई देता है और अनिवार्य रूप से तत्काल एफआईआर में आवेदक की भागीदारी ने मीडिया का बहुत ध्यान आकर्षित किया। नतीजतन, उपरोक्त ध्यान से प्रभावित होकर, पुलिस अधिकारियों ने आवेदक को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद धारा 27 और 27 ए एनडीपीएस अधिनियम को लागू करके मामले को और अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस अधिकारी अतिरिक्त आरोपों को साबित करने में विफल रहे और इस तरह, उन्हें हटा दिया गया। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने सोमवार को मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी कि यादव के खिलाफ आरोपपत्र और एफआईआर में बयान हैं और ऐसे आरोपों की सत्यता की जांच मुकदमे के दौरान की जाएगी। एकल न्यायाधीश ने यह भी कहा कि यादव ने याचिका में एफआईआर को चुनौती नहीं दी है। एल्विश यादव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील नवीन सिन्हा ने अधिवक्ता निपुण सिंह के साथ मिलकर अधिवक्ता नमन अग्रवाल की सहायता से तर्क दिया कि जिस व्यक्ति ने यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, वह वन्यजीव अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि न तो यादव पार्टी में मौजूद थे और न ही उनके पास से कुछ बरामद हुआ था। अदालत ने यह याचिका खारिज करते हुवे इल्विश यादव को निचली अदालत जाने को कहा है। इस खबर को इल्विश यादव के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। फिलहाल अब इल्विश यादव इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाते हैं या फिर निचली अदालत में अपना पक्ष रखेंगे। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा कोई बयान नहीं दिया गया है।

# डबल इंजन सरकार में विकास कार्यों को लगे पंख: वी सोमन्ना

**▸ केंद्रीय राज्य मंत्री ने अफसरों से जाना जनपद का हाल ▸ स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास भवन में बैठक आयोजित**






**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** केंद्रीय रेलवे एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना की अध्यक्षता में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मुजफ्फरनगर से जुड़े मुद्दों को लेकर विकास भवन में बैठक आयोजित हुई। इससे पूर्व डीएम उमेश मिश्रा ने केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना एवं अन्य मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देते हुए स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने समीक्षा बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारियों से परिचय किया। केन्द्रीय रेलवे एवं जल शक्ति राज्यमंत्री वी सोमन्ना ने सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए जिले की दस नगर निकायों और 487 ग्राम पंचायतों में जानकारी ली। राज्यमंत्री वी सोमन्ना ने कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को पंख लगे हैं। इसके चलते जहां हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनपद के हर पात्र व्यक्ति के घर में शौचालय बनना चाहिए। इससे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेलवे व जल शक्ति वी सोमन्ना को मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए कम्युनिटी शौचालयों से अवगत कराया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शौचालय से वंचित न रहे। ऐसे परिवार, जिनके पास शौचालय नहीं, उन्हें चिन्हित कर शौचालय अवश्य दिया जाए, इस पर विशेष ध्यान देने की बड़ी जरुरत है। उन्होंने सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ पात्रों को योजनाओं का लाभ दिए जाने के प्रयास करने के अफसरों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी इस बीच उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने आईपीएल की व्यवस्थाओं का जाना सच

**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** केन्द्रीय रेलवे व जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना सोमवार को दिल्ली से सड़क मार्ग से मुजफ्फरनगर में पधारे, जहां जनपद की सीमा में भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से केंद्रीय राज्य मंत्री जिले के माननीयों एवं आईएएस डॉ.

### स्वच्छता के लिए मिल प्रबंधन द्वारा उठाए कदमों की सराहना

शान्तनु कुमार अग्रहरि व मंजू नाथ पर्सनल सेक्रेटरी के साथ में रोहाना कलां स्थित मैसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड डिस्टिलरी एवं कंम्प्रेस्ड बॉयो गैस इकाई पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान डिस्टिलरी सभागार में संपन्न बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए फ्यूल बचाने की योजना तथा देश के विकास में कंपनी का बड़ा योगदान बताते हुए अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के बाद रमेश शर्मा, प्रधान प्रबंधक ने मीडिया के समक्ष आईपीएल के उत्पादों के विषय में प्रकाश डालते हुए सभी को बधाई दी। निरीक्षण के बाद केंद्रीय मंत्री द्वारा डिस्टलरी व सीबीजी यूनिट के सौन्दर्यीकरण पर आईपीएल की प्रशंसा करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत आईपीएल की यूनिटों में स्वच्छता प्रणाली के लिए इकाई प्रमुख व डिस्टलरी प्रधान प्रबंधक को धन्यवाद दिया। इस दौरान यहां आईपीएल रोहाना कलां, डिस्टिलरी एवं सीबीजी प्रांगण में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा आदि अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य रूप लोकेश कुमार, इकाई प्रमुख आईपीएल, रोहाना कलां, रमेश कुमार शर्मा, प्रधान प्रबन्धक डिस्टिलरी, आरके तिवारी, मानव संसाधन एवं विधिक हैड भारत कुमार सहायक महाप्रबंधक उत्पादन एवं डिस्टिलरी, सीबीजी इकाई के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री से व्यापारियों ने की रेलवे पैदल फुटपाथ विस्तार कराने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 12 मई (बु.)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने जनपद में पधारे केंद्रीय जल शक्ति एवं रेलवे राज्य मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर बने ओवर फुटपाथ ब्रिज, जोकि अभी तक रेलवे के अंदर उतरता है, उसका विस्तार करके शहर की तरफ उतारा जाए जिससे शहर से नई मंडी और नई मंडी से शहर आने जाने वालों को भारी सुविधा मिलेगी तथा रेलवे लाइन क्रॉस करके जाने वाले लोगों को सदैव एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है उससे बचा जा सकेगा। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने बताया कि इसके लिए व्यापारियों ने सांसद हरेंद्र मलिक जो भी पूर्व में दिया था जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताते हुए रेलवे बोर्ड को अपना पत्र संस्तुति के साथ भेज दिया है। वहीं स्थानीय विधायक एवं पालिका चेयरपर्सन की ओर से पूर्व में उनके सहमति पत्र के साथ सहमति पत्र भेजा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने व्यापारियों की इस समस्या का निदान कराने के आश्वासन के साथ मौके पर ही रेलवे इंजीनियर से जानकारी लेने के साथ आश्वस्त किया कि जल्दी ही इसका कार्य कराया जाएगा। इस दौरान मुदित जैन, सुभाष मित्तल, अमित राय जैन, नीरज गांधी, दिनेश बंसल, रमेश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बैसाख पूर्णिमा पर चारों धामों में 54,678 श्रद्धालुओं ने किये अपने आराध्य के दर्शन



**देहरादून, 12 मई (वार्ता)** भारत व पाकिस्तान के मध्य संघर्ष जैसी परिस्थिति के बावजूद, उत्तराखंड स्थित चार धामों की यात्रा पर आने वाले भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। सोमवार को कुल 54 हजार, 678 श्रद्धालुओं ने चारों धाम में अपनी श्रद्धा व्यक्त की। अभी तक इन सभी धामों में कुल कुल छह लाख, पांच हजार, 183 भक्त दर्शनों के लिए आ चुके हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन और नियंत्रण संगठन, ऋषिकेश द्वारा जारी नियमित बुलेटिन के अनुसार, श्री यमुनोत्री धाम में आज 9,623, श्री गंगोत्री में 10,049, श्री केदारनाथ धाम में 21,965 और श्री बदरीनाथ धाम में 13,041 श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचे। अभी तक श्री यमुनोत्री धाम में कुल एक लाख, 22 हजार, 130, श्री गंगोत्री धाम में एक लाख, चार हजार,300, श्री केदारनाथ धाम में 2 लाख, 48 हजार, 548 और श्री बदरीनाथ धाम में कुल एक लाख, 30 हजार, 205 श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंच चुके हैं। इस प्रकार, इन सभी चार धामों में आज कुल 54 हजार, 678 दर्शनार्थी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ खुले, जबकि आदि गुरु शंकराचार्य के प्राकट्य दिवस दो मई को श्री केदारनाथ धाम और चार मई को श्री बदरीनाथ धाम के कपाट ग्रीष्मकाल में भक्तों के दर्शनों के लिए खुले।

# भारत-पाक युद्धविराम से शेयर बाजार में तूफानी तेजी




**मुंबई, 12 मई (वार्ता)** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की सहमति से क्षेत्र में तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में करीब तीन प्रतिशत की तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2269.18 अंक अर्थात 2.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब पांच महीने बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81723.65 अंक पर पहुंच गया। यह 16 दिसंबर 2024 को 81,748.57 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 691.55 अंक यानी 2.88 प्रतिशत उछलकर 24699.55 अंक पर रहा। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 1349 अंक तेजी के साथ 80,803.80 अंक पर खुला और खबर लिखे जाने तक 81,830.65 अंक के उच्चतम जबकि 80,651.07 अंक के निचले स्तर पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 412 अंक की मजबूती के साथ 24,420.10 अंक पर खुला और 24,737.80 अंक के उच्चतम जबकि 24,378.85 अंक के निचले स्तर पर रहा।

## ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के घर में लगी आग, पुलिस जांच में जुटी



**लंदन, 12 मई (एजेंसी)।** उत्तरी लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के घर में आग लगने की घटना सामने आई है। यह आग सोमवार तड़के उनके निवास पर लगी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारियों ने आग पर काबू पाया। उत्तरी लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के घर में आग लगने की घटना सामने आई है। यह आग सोमवार तड़के उनके निवास पर लगी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने अब इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि आग लगने के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## रायपुर में पिकअप और ट्रेलर की टक्कर, 13 की मौत

**रायपुर 12 मई (वार्ता)**छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर बीती देर रात रायपुर-बलौदाबाजार रोड पर सारागांव के पास एक छोटे ट्रक (पिकअप) और तेज रफ्तार ट्रेलर के बीच टक्कर होने 13 लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एक पारिवारिक या धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय पिकअप में 50 से अधिक लोग सवार थे। ये सभी लोग एक पारिवारिक या धार्मिक कार्यक्रम (संभवतः चौथिया छट्टी) में शामिल होने के बाद चटौद की ओर लौट रहे थे। इस दौरान उनका वाहन सारागांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 03 अन्य ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। कई की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल रायपुर के बड़े अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही खरोरा थाना की पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा और स्थानीय बचाव दल मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। ट्रक और ट्रेलर के मलबे को हटाने में घंटों लग गए। रायपुर के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने बताया, ''रात 12 से 01 बजे के आस-पास हमें हादसे की सूचना मिली थी।

## 2 करोड़ लोग बोले- भारत से युद्ध हुआ तो नहीं देंगे पाक सेना का साथ

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हैं। 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पंजाब के कुछ इलाकों में आतंकियों के ठिकानों पर कार्रवाई की। इस जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में जनता की राय सामने आई है। गैलप पाकिस्तान के ताजा सर्वे के मुताबिक, लगभग 2 करोड़ पाकिस्तानी नागरिकों ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि अगर भारत से युद्ध हुआ तो वे पाकिस्तान सेना का साथ नहीं देंगे।